जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 20 संख्याः 57 प्रभात जालोर, बुधवार 4 जून, 2025 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## ''नरेन्दर, सरैण्डर'' भोपाल में राहुल गांधी ने प्र.मंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष किया

### राहुल गांधी के अनुसार, ट्रम्प के इस मैसेज के कारण ही, जीती हुई स्थिति में होने के बावजूद, प्र.मंत्री मोदी ने पाकिस्तान के साथ ''सीज़फायर'' के लिए सहमति दी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 जून। लंबे समय बाद, इंडिया गठबंधन की विपक्षी पार्टियाँ एकजुट हुईं और मोदी सरकार से ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए संसद का सत्र बुलाने की मांग की।

विपक्ष का मानना है कि प्रधानमंत्री इस विचार के प्रति कतई इच्छुक नहीं हैं, बल्कि इसके विपरीत, उन्होंने मीडिया में ऐसी खबरें फैलाने की कोशिश की है जिससे कांग्रेस को डराया जा सके कि सरकार 25 जून को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहती है।

विपक्षी दलों का यह भी मत है कि सरकार की मंशा ध्यान भटकाने की है ताकि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े मुद्दों से बचा जा सके, जबकि विपक्ष सरकार से कई गंभीर सवाल पूछना चाहता है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अभी तक भी विपक्ष द्वारा उठाए गए किसी भी सवाल का जवाब देने के लिए तैयार नहीं हैं।

- **कांग्रेस को इस बात की भी खुशी है कि अन्ततोगत्वा, मृत-प्रायः इण्डिया गठबंधन फिर संगठित सा हुआ है, मोदी सरकार के समक्ष, संसद का सत्र बुलाने की मांग पर।**
- **विपक्ष के संगठित होने का एक कारण यह भी है कि विपक्ष को इस बात से काफी निराशा हुई कि ''ऑपरेशन सिंदूर'' व उसके बाद भी उसने मोदी सरकार को पूर्ण समर्थन दिया था, पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए, पर, प्र.मंत्री मोदी ''ऑपरेशन सिंदूर'' का उपयोग कर रहे हैं, राजनीति लाभ के लिए, वोट व चुनाव में।**
- **अतः अब राहुल भी पूर्णतया आक्रामक हो रहे हैं, प्र.मंत्री के खिलाफ।**

हालाँकि विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद और पाकिस्तान के साथ सीमित सैन्य टकराव के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में सरकार का पूरा समर्थन किया था, लेकिन अब जब प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यवाही का राजनीतिक लाभ उठाकर चुनावों में वोट की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए मोदी की मंशा और इरादों को लेकर विपक्ष काफी असहज महसूस कर रहा है।

मुख्य सवाल यह है कि जब भारत रणनीतिक रूप से पाकिस्तान पर भारी पड़ रहा था तो युद्धविराम क्यों किया गया? क्या प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दबाव में आकर पाकिस्तान पर हमले रोकने का आदेश दिया?

आज भोपाल में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री से कहा, ''नरेन्द्र सरेंडर'' और प्रधानमंत्री ने वास्तव में वही किया।

सूत्रों ने कहा, अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने ही युद्धविराम करवाया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे पर अब तक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जासूसी का आरोपी शकूर खान 7 दिन के पुलिस रिमांड पर

जयपुर, 3 जून। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, महानगर प्रथम ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में सरकारी कर्मचारी शकूर खान को दस जून तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। बताया जा रहा है कि शकूर खान पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता सालेह मोहम्मद के निजी सहायक के तौर पर भी काम कर चुका है।

जांच एजेंसी ने मंगलवार को आरोपी को अदालत में पेश किया। जांच एजेंसी की ओर से अदालत से आरोपी को दस दिन के लिए पुलिस अभिरक्षा में सौंपने की गुहार की। एजेंसी की ओर से कहा गया कि आरोपी ने अब तक की पूछताछ में कई जानकारियां दी हैं। उससे पूछताछ करनी है कि वह किन-किन लोगों के संपर्क में था। वहीं देश में उसका कौन सहयोग कर रहा था। इसके लिए उसे दस दिन के रिमांड पर दिया जाए। इस पर अदालत ने आरोपी को सात दिन के रिमांड पर दस जून तक जांच एजेंसी को सौंपा है।

- **बताया जाता है कि पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद का निजी सहायक शकूर खान पाक दूतावास के कई लोगों के सम्पर्क में हैं।**

पूछताछ में सामने आया है कि वह भारत में पाकिस्तान के हाई कमीशन के अफसर रहे एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में था और वह पाकिस्तान एंबेसी में सोहेल कमर से भी मिलता था। आरोपी शकूर खान भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर मंगलियों की ढाणी,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अमेरिका को नहीं भा रहा, भारत का रूस से हथियार खरीदना

### अमेरिका के वाणिज्य मंत्री ''हॉवर्ड लटनिक'' ने यह बात अमेरिका-भारत स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की लीडरशिप समिट को संबोधित करे हुए उजागर की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 जून। भारत के रूस से सैन्य उपकरण खरीदने और अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता घटाने के लिए ब्रिक्स के साथ भारत की साझेदारी ने अमेरिका को ''गलत ढंग से प्रभावित किया'', अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक ने यह बात स्वीकार की है। हालांकि उन्होंने यह भी जोडा कि भारत ने इन मुद्दों को संबोधित किया है और अब दोनों देश ''ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं जो दोनों के लिए फायदेमंद है'', और एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता ''बहुत दूर नहीं'' है।

लटनिक ने सोमवार को वॉशिंगटन डीसी में आयोजित यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) लीडरशिप समिट के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण के दौरान कहा, जब दोनों पक्षों ने सही लोगों को बातचीत की मेज पर बिठाया, तो हमने सब ठीक कर लिया।''

बातचीत के लिए सही व्यक्ति को

- **इसके अलावा अमेरिका, भारत के ब्रिक्स संगठन में सक्रिय होने से भी खुश नहीं है।**
- **अमेरिका का मानना है कि ब्रिक्स (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और साउथ अफ्रीका के संगठन) का मुख्य मकसद, अमेरिका की मुद्रा, डॉलर के आधिपत्य को कमज़ोर करना है तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक वैकल्पिक मुद्रा का सृजन करना है।**
- **ये दोनों कृत्य, रूस से हथियार खरीदना व ब्रिक्स की सक्रिय सदस्यता धारण करना, भारत के प्रति अमेरिका के मन में कुछ खटास तो लाते ही हैं।**

लाने के महत्व पर जोर देते हुए लटनिक ने कहा कि अगर वे किसी आम ट्रेड मिनिस्टर को वार्ता के लिए लाते तो वार्ता अंतहीन होती कोई नतीजा नहीं निकलता।

हालाँकि, लटनिक ने यह भी स्वीकार किया कि भारत द्वारा किए गए कुछ कार्य, जैसे रूस से सैन्य उपकरण खरीदना, अमेरिका को पसंद नहीं आए। उन्होंने कहा, ''भारत सरकार अब इन मुद्दों को विशेष रूप से और सीधे तौर पर संबोधित कर रही है।''

लटनिक ने कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था असाधारण है, आपकी मानव संसाधन क्षमता अद्भुत है, आपकी विकास दर शानदार है। लेकिन फिर भी, कुछ चीजें जो भारत सरकार ने कीं, उन्होंने अमेरिका को गलत रूप में प्रभावित किया।''

उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, ''जैसे कि आप सामान्यतः रूस से अपने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दस जून को हो सकता है, महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों धड़ों का विलय

### दस जून एनसीपी का स्थापना दिवस है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 जून। जैसे-जैसे एनसीपी का स्थापना दिवस, 10 जून नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे अजित पवार और उनके चाचा शरद पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी के दोनों गुटों के विलय की वार्ता तेज होती जा रही है। अगर यह प्रगति साकार हो जाती है तो यह केवल महाराष्ट्र के लिये ही नहीं, राष्ट्रीय राजनीति के लिये भी एक बड़ी घटना होगी, क्योंकि मराठा दिग्गज शरद पवार विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घेरे से बाहर हो जायेंगे तथा केन्द्र में मोदी सरकार को समर्थन दे रहे एनडीए के लोकसभा सांसदों की संख्या 300 के आँकड़े को पार कर जायेगी, जो इस समय 293 है।

महाराष्ट्र की राजनीति के शीर्षस्थ सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की कि इस विलय को औपचारिक रुप देने के लिये अगले दो दिन में शरद पवार और उनके भतीजे के बीच रुबरु बातचीत होने की संभावना है। शरद पवार के नजदीकी सूत्रों ने जानकारी दी कि उनके ऊपर उनकी पार्टी की दूसरी कतार के नेताओं का जबरदस्त दबाव है, क्योंकि वे अपना राजनैतिक भविष्य सुनिश्चित करना चाहते हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने, पार्टी प्रमुख होने के बावजूद, अपने हाथ खड़े कर दिये है तथा इस मामले में निर्णय उन पर छोड़ दिया है।

लेकिन अजित गुट चाहता है कि

- **एनसीपी के दोनों धड़ों का विलय महाराष्ट्र के राजनैतिक समीकरणों में भारी उलटफेर कर सकता है, साथ ही केन्द्र में भी इसका असर दिख सकता है।**
- **विलय के साथ ही शरद पवार विपक्ष के गठबंधन, इंडिया से बाहर हो जाएंगे और एनडीए का हिस्सा बन जाएंगे। लोकसभा में शरद पवार के 8 सांसद हैं और इस विलय से एनडीए के सांसदों की संख्या 300 के पार हो जाएगी।**
- **शरद पवार गुट के दूसरी श्रेणी के नेता इस विलय के ज्यादा इच्छुक हैं, क्योंकि उनके व्यवसायिक हित व राजनैतिक अस्तित्व दांव पर लगे हैं।**
- **विशेषज्ञों का कहना है कि शरद पवार का एकमात्र फोकस अपनी बेटी सुप्रिया सुले का भविष्य सुरक्षित करने पर है, क्योंकि खुद तो अपने राजनैतिक जीवन के अंतिम पड़ाव पर हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्र.मंत्री मोदी 6 जून को कटरा -श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे

जम्मू, 03 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे।

इससे पहले गत 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

- **पहले यह उद्घाटन 19 अप्रैल को होना था पर खराब मौसम के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। बाद में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के कारण और विलम्ब हो गया।**

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'एशिया के देश अपनी जीडीपी का 5 प्रतिशत सेना की तैयारी पर खर्च करें'

### अमेरिका के रक्षा मंत्री के आह्वान को ज्यादा स्वीकार नहीं किया गया, सिंगापुर में आयोजित शांग्रीला डायलॉग में

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 जून। सिंगापुर में आयोजित एशिया के प्रमुख सुरक्षा सम्मेलन ''शांग्री-ला डायलॉग'' में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हैगसथ ने स्पष्ट संदेश दियाः अमेरिका इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को नहीं छोड़ रहा है। लेकिन अमेरिका द्वारा दिए जा रहे सैन्य आश्वासन के बावजूद एशिया के कई नेताओं के लिए राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की संरक्षणवादी व्यापार नीतियों के कारण उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितता चिंता का विषय बनी हुई है।

हैगसथ का भाषण आंशिक रूप से आश्वासन देने वाला था और आंशिक रूप से उकसाने वाला। उन्होंने एशियाई देशों से यूरोपीय सहयोगियों की तरह रक्षा बजट को जीडीपी का 5 प्रतिशत तक बढ़ाने का आग्रह किया। यह एक ऐसा आंकड़ा है, जिसने उन विकासशील देशों को चकित कर दिया है, जो अब भी अपनी आबादी को गरीबी से बाहर निकालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। जहाँ कुछ को अधिक मजबूत सैन्य सहयोग की अपील सार्थक लगी, वहीं, कई अन्य इसे एक लेन-देन आधारित दृष्टिकोण के रूप में देख रहे थे, जिसमें हथियारों की बिक्री के बदले व्यापार में नरमी की अपेक्षा की जाती है।

- **अधिकतर ने इस दलील को अमेरिका की अपने हथियार बेचने की योजना का अंश माना।**
- **विशेषकर, मलेशिया के प्रधानमंत्री व उनके प्रमुख सलाहकार का मत था कि अमेरिका एशियाई देशों की मजबूरियों से वाकिफ नहीं है। एशिया में अभी कई देशों की प्राथमिकता है, अपने देशवासियों को गरीबी की सीमा से ऊपर लाना। इस स्थिति में इन देशों को यह सलाह देना है कि वे अपने डिफैंस बजट में वृद्धि करे, बेवकूफी की बात लगती है।**
- **इन नेताओं के अनुसार, सही सलाह अमेरिका के लिए है कि वे उनके राष्ट्रपति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में फैलायी गई अनिश्चितता को खत्म करें। जिससे व्यापार बढ़े और युद्ध की संभावना ही खत्म हो।**

यह भाषण ऐसे समय में आया, जब ट्रंप प्रशासन की व्यापार नीतियों को लेकर चिंता बढ़ रही है। एक हफ्ते पहले आसियान (ए.एस.ई.ए.एन.) नेताओं की बैठक में ट्रंप के टैरिफ मुख्य विषय थे। वियतनाम और कंबोडिया जैसे देश अमेरिकी व्यापार प्रतिबंधों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे वे चीन के साथ आर्थिक संबंध गहरे करने पर विचार कर रहे हैं, भले ही वे क्षेत्र में बीजिंग की आक्रामकता को लेकर सतर्क हों।

जब शांग्री-ला सम्मेलन में हैगसथ से इन आर्थिक तनावों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने टालमटोल की। उन्होंने मजाक में कहा, ''टैरिफ नहीं, टैंक,'' यह दर्शाते हुए कि आर्थिक मुद्दे उनकी जिम्मेदारी नहीं हैं। इसके बजाय उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका क्षेत्र के लिए रणनीतिक रूप से प्रतिबद्ध है और कहा कि अमेरिका ''उन मामलों में सहयोग चाहता है जहाँ शांति और समृद्धि के लिए हमारे साझा हित मेल खाते हैं,'' साथ ही यह भी चेतावनी दी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मतदान के आंकड़े अपडेट करने की नई व्यवस्था लागू होगी

नयी दिल्ली, 03 जून। चुनाव आयोग मतदान के आंकड़े अपडेट करने की एक नयी व्यवस्था करने जा रहा है जिसमें प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी (पीआरओ) को मतदान बंद होने के बाद तुरंत, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले मतदान के आंकड़े आयोग के एकीकृत डिजिटल ऐप 'ईसीआईएनईटी' में दर्ज करना होगा, ताकि क्षेत्र-वार मतदान प्रतिशत की सूचना देने में विलम्ब कम से कम हो। यह व्यवस्था बिहार विधान सभा चुनाव के साथ शुरू की जायेगी।

- **चुनाव आयोग ने कहा मतदान खत्म होते ही मतदान केन्द्र से ही डेटा अपडेट करना होगा। यह व्यवस्था बिहार चुनाव से लागू होगी।**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेद्र कुमार के नेतृत्व में आयोग द्वारा चुनाव

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आम अमेरिकी के साधारण उपयोग का 90 प्रतिशत सामान चीन सप्लाई करता है

### अमेरिका चाहता है, यह सामान भारत सप्लाई करे जिससे अमेरिका की चीन पर निर्भरता कम हो

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 जून। भारत द्वारा रूस से हथियारों और सैन्य साज़ो-सामान की खरीद अमेरिका को चुभती है। यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक बाधा है, यह बात अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक ने खुद कही है।

हालांकि उन्होंने भारत को एक महान देश बताया गया, जिसमें विविध क्षमताएँ हैं, विशेष रूप से प्रतिभाशाली हैं, लोग जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में बड़ी सफलताएँ हासिल कर सकते हैं। वॉशिंगटन डीसी में भारतीय टेलीविज़न नेटवर्क से बातचीत में अमेरिकी वाणिज्य सचिव लटनिक ने ये विचार व्यक्त किए।

लटनिक ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की पहली प्राथमिकता ''अमेरिका फर्स्ट'' नीति के तहत उन्नत निर्माण को बढ़ावा देना है। लेकिन इसके अलावा, अमेरिका के पास मित्र देशों और सहयोगियों के साथ सहयोग के कई क्षेत्र खुले हैं, जिनमें भारत भी संभावनाएं तलाश सकता है। उन्होंने बताया कि अमेरिका कुछ अत्याधुनिक क्षेत्रों में नीति के तहत उच्च तकनीक वाले मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे रहा है।

इन खास क्षेत्रों के बाहर, निर्माण का एक बड़ा क्षेत्र है, जहां भारत अवसरों का लाभ उठा सकता है और इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच बना सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए फायदे की बड़ी संभावनाएं हैं।

- **अमेरिका की दृष्टि से दूसरा क्षेत्र जिसमें भारत- अमेरिका सहयोग, अच्छी तरह बढ़ सकता है, वह है ए.आई. आधारित एडवांस सिस्टम। अमेरिका यह स्वीकार करता है, कि भारत-अमेरिका के इस क्षेत्र में सहयोग से दोनों देशों को लाभ ही लाभ है।**
- **दोनों देशों का मानना है, अगर आपसी सहयोग से काम हो तो, भारत-अमेरिका व्यवसाय थोड़े से समय में ही 500 बिलियन डॉलर की सीमा पार कर लेगा।**

वाणिज्य सचिव लटनिक के वक्तव्य के पीछे एक ठोस तर्क और सोच है। वर्तमान में अमेरिका में आम नागरिकों की रोजमर्रा की उपभोक्ता वस्तुओं का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा चीन से आता है। इसका परिणाम यह है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार संतुलन चीन के पक्ष में अत्यधिक झुका हुआ है।

राष्ट्रपति ट्रंप की नीति के तहत, अमेरिका इस असंतुलन को सुधारना चाहता है और इसके लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करना चाहता है। यह अमेरिका की रणनीति का हिस्सा है और अमेरिका इस दिशा में भारत को एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता के रूप में देखना पसंद करेगा।

दूसरी ओर, एक हल्के-फुल्के अंदाज़ में वाणिज्य सचिव ने यह भी कहा कि रूस से भारत द्वारा हथियारों की पूरी श्रृंखला की खरीद, विशेषकर यूक्रेन संकट के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, अमेरिकी नीति निर्माताओं में भारत के प्रति नकारात्मक भावनाएँ पैदा कर सकती हैं।

अमेरिका को विशेष रूप से यह बात खल रही है कि भारत द्वारा सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली (एसएएम 400) की खरीद हालिया पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाक संघर्ष के दौरान बेहद प्रभावशाली साबित हुई तथा भारत अब इस प्रणाली का एक और सेट तैनात करने की योजना बना रहा है।

हाल ही में हुए आतंकी हमले से पहले भारत धीरे-धीरे अपने रक्षा उपकरणों की खरीद में विविधता लाया था, जिसमें अमेरिकी सैन्य उपकरण भी शामिल थे। लटनिक ने यह नोट किया कि हाल के दिनों में भारत ने अमेरिकी रक्षा प्रणालियों और हथियारों की खरीद की शुरुआत की है।

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग का एक अन्य क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो सकता है। उन्नत एआई प्रणालियों को भारतीय और अमेरिकी विशेषज्ञों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा सकता है, जिससे दोनों देशों को लाभ होगा। लटनिक ने माना कि भारत की इस क्षेत्र में दक्षता को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## रामदरबार का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरु

अयोध्या, 03 जून। श्रीराम जन्मभूमि पर राम दरबार समेत आठ मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ प्रायश्चित कर्म और कलश के साथ शुरू हो गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चारण संग विधि-विधान पूर्वक पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, यज्ञ मंडप पूजन, ग्राह योग, अग्नि स्थापन, वन कर्मकुटी और जलाधिवास का अनुष्ठान किया गया। बुधवार चार जून को देवताओं का पूजन, अन्नाधिवास, हवन, देवस्नान, प्रसाद स्नान, शिखर स्नान, नगर भ्रमण शैय्याधिवास, न्यास का कार्यक्रम होगा।

- **गंगा दशमी के दिन सुबह 11.25 से 11.40 के मुहुर्त में रामदरबार की मूर्तियां प्रतिष्ठापित होंगी।**

प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

जीवन का एक क्षण करोड़ स्वर्ण मुद्राएं देने पर भी नहीं मिलता। –चाणक्य

# दुनिया में वृद्धजनों की बढ़ती आबादी पर ध्यान देने का वक़्त

बुढ़ापा क्या है और वह किस उम्र से शुरू होता है इस बारे में शोधकर्ताओं के बीच भारी असहमति है। एक नया सर्वेक्षण बताता है कि बुढ़ापे का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों के बीच इसकी मौलिक प्रकृति के बारे में नाटकीय रूप से अलग-अलग विचार हैं। वृद्धावस्था जीवन की अनिवार्य प्रक्रियाओं में से एक है मगर उसे समझने के लिए अध्ययन में लगे वैज्ञानिक इस बात पर भी सहमत नहीं हो पा रहे हैं कि वे वास्तव में क्या अध्ययन कर रहे हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में हुई एक रिसर्च कॉन्फ्रेंस में 100 से अधिक विशेषज्ञों पर यह सर्वे किया गया था जिसमें उम्र बढ़ने के बुनियादी सिद्धांतों पर शोधकर्ताओं के बीच व्यापक असहमति उजागर हुई। इन विशेषज्ञों में 29.8 प्रतिशत प्रोफेसर, 25 प्रतिशत पोस्ट-डॉक्टरल फैलो, 22.1 प्रतिशत स्नातक छात्रों के साथ 13.5 प्रतिशत अन्य शोधकर्ता शामिल थे। उन्होंने बुढ़ापे के मौलिक प्रश्नों पर उल्लेखनीय रूप से अलग-अलग विचार व्यक्त किए। लगभग 30 प्रतिशत ने उम्र बढ़ने के साथ काम करने की शक्ति के क्षय के रूप में बुढ़ापे को परिभाषित किया, जबकि अन्यों ने इसे शरीर के क्षय के संचय, मृत्यु दर में वृद्धि और यहां तक कि एक सामान्य विकासात्मक चरण के रूप में देखा। वृद्धावस्था की शुरुआत किस उम्र से होती है, यह सवाल भी उतना ही विवादास्पद साबित हुआ। जबकि 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना था कि 20 साल की उम्र के बाद ही मनुष्य बुढ़ापे की तरफ बढ़ना शुरू कर देता है, वहीं 16.5 प्रतिशत लोगों का कहना था कि बुढ़ापा तो बच्चे के गर्भ में आने के साथ ही शुरू हो जाता है। अन्यों ने उसे प्रारंभिक विकास के दौरान या जीवन के विभिन्न चरणों में शुरू होने वाला माना। यह जानना दिलचस्प है कि किसी भी एक उत्तर को बहुमत का समर्थन नहीं मिला। वास्तव में राय की यह विविधता उम्र बढ़ने पर शोध करने के तरीकों को भी उजागर करती है। उम्र बढ़ने की अलग-अलग परिभाषाएं स्वाभाविक रूप से अलग-अलग प्रयोगात्मक दृष्टिकोण और शोध प्राथमिकताओं को इंगित करती हैं। उदाहरण के लिए, जो वैज्ञानिक उम्र बढ़ने को मुख्य रूप से शरीर के क्षय के रूप में देखते हैं, वे कोशिका क्षति को रोकने या उसकी मरम्मत करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि जो इसे कार्यात्मक गिरावट के रूप में देखते हैं, वे शारीरिक क्षमताओं को बनाए रखने को प्राथमिकता देते हैं।

क्या बुढ़ापे को बीमारी माना जाय, इस सवाल पर भी विशेषज्ञों में मतभेद था। सबसे आम जवाब था 'तटस्थ', जिसके बाद लगभग बराबर संख्या में लोग सहमत और असहमत थे। इस दार्शनिक विभाजन का इस बात पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है कि बुढ़ापे का किस तरह से इलाज किया जाता है और क्या चिकित्सकीय हस्तक्षेप को उपचार या निवारक उपायों के रूप में विकसित किया जा सकता है। एकमात्र बिंदु जिस पर वैज्ञानिक मामूली सहमत नजर आए वह था बुढ़ापे की एक मानक परिभाषा की आवश्यकता – हालांकि यहां भी, लगभग आधे लोग तटस्थ रहे या असहमत रहे। ऐसा माना जा रहा है कि इस मौलिक असहमति का अनुसंधान की दिशाओं और उपचार दृष्टिकोणों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हो सकते हैं। इन मतभेदों के बावजूद इस बात पर सहमती थी कि बुढ़ापा एक पहचान योग्य घटना के रूप में मौजूद है, कि यह स्वाभाविक रूप से हानिकारक है, और इसमें हानिकारक परिवर्तन या शरीर का क्षय शामिल है। इस बात पर आमसहमति थी कि बुढ़ापे को संभावित रूप से लक्षित कर संशोधित किया जा सकता है। इसके सर्वोत्तम तरीके क्या हो सकते हैं उस पर विचारों की अवश्य भिन्नता थी। शोध टोली के अनुसार "ज्यादातर वैज्ञानिकों को लगता है कि वे उम्र बढ़ने की प्रकृति को समझते हैं, लेकिन जाहिर तौर पर उनकी समझ अलग-अलग है।" विचारों का यह मतभेद इस क्षेत्र के लिए चुनौती और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है। हालांकि यह स्थिति सहयोग और आम सहमति बनाने को जटिल बना सकती है, लेकिन यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को समझने और संभावित रूप से चिकित्सकीय हस्तक्षेप करने के लिए दृष्टिकोणों की विविधता भी सुनिश्चित करती है।

आज दुनिया भर में लोग लंबे समय तक जी रहे हैं। अब ज़्यादातर लोग साठ साल या उससे ज़्यादा जीने की उम्मीद कर सकते हैं। दुनिया के हर देश में आबादी में बुज़ुर्गों के आकार और अनुपात में वृद्धि हो रही है। चिकित्सा व आबादी विशेषज्ञ तथा समाजशास्त्री मानते हैं कि 2030 तक दुनिया में 6 में से 1 व्यक्ति 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का होगा। इस समय 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की आबादी का हिस्सा जो 2020 में एक बिलियन था, वह बढ़कर 1.4 बिलियन हो जाएगा। 2050 तक दुनिया में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों की आबादी दोगुनी अर्थात 2.1 बिलियन हो जाएगी। 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों की संख्या 2020 और 2050 के बीच तिगुनी होकर 426 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में 104 मिलियन वृद्ध लोग 60 वर्ष से अधिक के हैं, जो कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत हैं। भारत में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धों में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। भारत सरकार की राष्ट्रीय वृद्धजन नीति 1999, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 और वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय नीति 2011, वरिष्ठ नागरिकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कानूनी ढांचा प्रदान करती है। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम और स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में बुजुर्गों को समर्पित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, चिकित्सा विज्ञान ने वरिष्ठ नागरिक श्रेणी के भीतर एक नए समूह की पहचान की है, जिसका नाम है 'सुपर-एजर्स'। यह शब्द 70 और 80 का दशक पूरा कर चुके लोगों को संदर्भित करता है। दुनिया भर में अब इस 'सुपर एजर्स' पर उनके व्यवहार, आदतों और स्वास्थ्य संकेतकों का दीर्घकालिक अध्ययन हो रहे हैं। मनोभ्रंश और संज्ञानात्मक गिरावट वाले लोगों के अलावा, स्वस्थ वृद्ध लोग शोधकर्ताओं के लिए रुचि का विषय हैं। जबकि सामान्य स्वास्थ्य, पारिवारिक इतिहास, मनोसामाजिक पहलुओं का भी अध्ययन किया जा रहा है ताकि समुदाय-आधारित बेहतर और लक्षित एकीकृत-देखभाल को उनकी जरूरतों के अनुसार डिजाइन की जा सके। कोशिश यह की जा रही है कि प्रभावी समन्वय और दीर्घकालिक देखभाल प्रणालियों को उस आबादी के अनुकूल बनाया जा सके लिए जो वृद्ध और सुपर-एजिंग के दौर में हैं, महत्वपूर्ण हैं। इसमें हर प्रकार के समाज की जरूरतों को ध्यान में रखा जा रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि कोई भी वृद्ध सामान्य व्यक्ति नहीं होता। कुछ 80 वर्षीय लोगों की शारीरिक और मानसिक क्षमताएँ 30 वर्षीय लोगों जैसी ही होती हैं। अन्य लोगों में बहुत कम उम्र में ही क्षमताओं में महत्वपूर्ण गिरावट देखी जाती है। इससे वृद्ध लोगों के अनुभवों और आवश्यकताओं की श्रृंखला को संबोधित करती हुई एक व्यापक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया की ये विशेषज्ञ वकालत करते हैं। लोगों के भौतिक और सामाजिक वातावरण और उनके अवसरों और स्वास्थ्य व्यवहार पर उनके वातावरणों का प्रभाव वृद्धावस्था में देखी जाने वाली विविधता का एक बड़ा हिस्सा होता है। पर्यावरण के साथ व्यक्तिगत विशेषताओं जैसे कि परिवार, लिंग और हमारी जातीयता भी स्वास्थ्य में असमानताओं के कारक बनती हैं। वृद्ध लोगों को अक्सर कमज़ोर या आश्रित तथा समाज के लिए बोझ माना जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों और समग्र रूप से समाज को इन और अन्य आयुवादी दृष्टिकोणों को उन मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो उम्रदराज लोगों के साथ भेदभाव का कारण बन सकते हैं तथा सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं।

**पर्यावरण के साथ व्यक्तिगत विशेषताओं जैसे कि परिवार, लिंग और हमारी जातीयता भी स्वास्थ्य में असमानताओं के कारक बनती हैं। वृद्ध लोगों को अक्सर कमज़ोर या आश्रित तथा समाज के लिए बोझ माना जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों और समग्र रूप से समाज को इन और अन्य आयुवादी दृष्टिकोणों को उन मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो उम्रदराज लोगों के साथ भेदभाव का कारण बन सकते हैं तथा सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं।**

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा ने 2021-2030 को स्वस्थ उम्र बढ़ने का संयुक्त राष्ट्र दशक घोषित किया हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की देखरेख में इसका कार्यान्वयन हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र का यह दशक मनाना एक वैश्विक सहयोग है जो सरकारों, नागरिक समाज, अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों, पेशेवरों, शिक्षाविदों, मीडिया और निजी क्षेत्र को 10 साल के ठोस, उत्प्रेरक और सहयोगी कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाता है ताकि लंबे और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दिया जा सके। यूएनएफपीए (संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष) भारत ने अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस) के साथ मिलकर 'भारत एजिंग रिपोर्ट 2023' जारी की थी। यह रिपोर्ट भारत में वृद्धों की देखभाल से जुड़ी चुनौतियों, अवसरों और संस्थागत प्रतिक्रियाओं पर प्रकाश डालती है, क्योंकि भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव के कारण अब यहां जनसंख्या वृद्ध होने की तरफ अग्रसर होती जा रही है। यह रिपोर्ट विद्वानों, नीति निर्माताओं, कार्यक्रम प्रबंधकों और बुजुर्गों की देखभाल में शामिल सभी हितधारकों के लिए एक मूल्यवान संसाधन है। बुजुर्गों ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, और वे अपनी भलाई सुनिश्चित करने के लिए समाज के सर्वोत्तम प्रयासों को पाने के हकदार हैं। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्षों में बुजुर्गों की भलाई से संबंधित कई तरह के विश्लेषण शामिल हैं, जिनमें कुछ हैं:– वरिष्ठ नागरिकों की अनूठी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वृद्धावस्था देखभाल की व्यवस्था का विस्तार, बुजुर्ग आबादी की स्वास्थ्य, वित्तीय सशक्तीकरण और क्षमता निर्माण आवश्यकताओं को संबोधित करने वाली सरकारी योजनाओं और नीतियों का निर्माण, कंप्यूटर और इंटरनेट उपयोग के माध्यम से वृद्धों के डिजिटल सशक्तीकरण में समुदाय आधारित संगठनों की भागीदारी, बुजुर्गों के कल्याण के लिए नीतियों को आकार देने के लिए समर्पित प्रयास तथा सामाजिक सहायता, वृद्धाश्रम और बुजुर्गों के बारे में जागरूकता अभियान के सम्मिलित प्रयासबुढ़ापे को आनंदमय बना सकते हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# अमरावती मॉडल दुनिया के देशों को नई दिशा देगा



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए जहां दुनिया के देशों में टुकड़ो-टुकड़ों में काम हो रहा है वहीं आंध्रप्रदेश की नई राजधानी अमरावती को पूरी तरह से ग्रीप एनर्जी से संचालित शहर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू ने काम भी शुरु कर दिया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने में करीब करीब 65 हजार करोड़ रुपए की लागत आयेगी और सोलर, पवन और जल विद्युत पर आधारित इस परियोजना में अमरावती में उपयोग आने वाली सारी बिजली रिन्यूवल एनर्जी स्रोत से ही प्राप्त होगी। सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली जीवाश्म उर्जा का अमरावती में नामोनिशान नहीं होगा। अपने आप में यह दुनिया के लिए ग्रीन एनर्जी के सपने को अमली जामा पहनाने की बड़ी, महत्वाकांक्षी और दुनिया के देशों के लिए प्रेरणीय पहल मानी जानी चाहिए। कोई इसे इतिहास रचने की बात करता है तो कोई ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी और रचनात्मक पहल के रुप में देख रहे हैं। कहा जाए तो दुनिया के देश जिस तरह से ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और जिस तरह से बड़े-बड़े शिखर सम्मेलनों के साझा घोषणा पत्रों में घोषणाएं होती है उससे अलग हटकर आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू की इस पहल को माना जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस परियोजना की आधारशिला रखने जा रहे हैं। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र की नई राजधानी की आधारशिला रखी जाएगी तो ग्रीन एनर्जी का यह प्रोजेक्ट 217 वर्गमीटर को समाये हुए होगा। अमरावती को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी युक्त दुनिया का पहला शहर बनाने के लिए 2050 तक की मांग का आकलन कर लिया गया है करीब 2700 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। इसमें स 30 प्रतिशत सोलर और पवन आधारित उर्जा होगी तो 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पनबिजली आधारित होगी।

ग्रीन एनर्जी के चार प्रमुख स्रोत है। इसमें सूर्य की गर्मी आधारित सोलर उर्जा, हवा के झोकों पर आधारित पवन उर्जा, जल आधारित पन बिजली परियोजना और भूगर्भ के ताप आधारित भूतापीय उर्जा को रिन्यूवल एनर्जी के नाम से जाना जाता है। इसमें प्रमुखता से सोलर, पवन और पन बिजली को लिया जाता है। दरअसल जीवाश्म आधारित उर्जा जिसमें प्रमुखतः कोयला व लिग्नाइट का प्रयोग होता है उसके चलते जलवायु में तेजी से परिवर्तन हुआ है और आज दुनिया के देश तापमान वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक रखने के लिए जूझ रहे हैं। 2 प्रतिशत वृद्धि दर को डेढ प्रतिशत लाना टेड़ी खीर बना हुआ है। पेरिस घोषणा के अनुसार दुनिया के देशों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है अन्यथा जलवायु परिवर्तन के जिस तरह के परिणाम हम आये दिन देखने लगे हैं जिसमें तापमान में बढ़ोतरी, ग्लेशियरों का सिकुड़ना, अनपेक्षित मौसम चक्र कभी तेज गर्मी तो कभी तेज सर्दी और कभी तेज बरसात। आंधी तूफान, जंगलों में दावानल, तूफानों चक्रवातों के नए नए रुप और बार बार आवृति हमारे सामने हैं। समुद्र का जल स्तर बढ़ने से समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट आ गया है तो जंगलों के दावानलों का असर आसपास के शहरों खासतौर से अमेरिकी शहरों में देखा जा चुका है।

सूखा और बाढ़ आम होती जा रही है तो दवाओं के बेअसर होने और संक्रामक रोगों की बढ़ोतरी सामने हैं। दुनिया के देश खासतौर से मौसम विज्ञानी इन हालातों को लेकर चिंतित है और जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को सीमित करने के उपायों को लेकर प्रयासरत है। हांलाकि इसमें सरकारों की ईच्छा शक्ति, संसाधन, आर्थिक सामाजिक हालात के साथ ही विकसित देशों द्वारा खुले दिल से सहयोग नहीं करना बड़ा कारण बनता जा रहा है।

ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से दुनिया के देश सावचेत नहीं हो। बल्कि इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों को लेकर रेंकिंग भी जारी होने लगी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन रेकिंग में भारत दसवें स्थान पर है हांलाकि यह इससे पहले के साल की तुलना में रेंकिंग पिछड़ी है। मजे की बात यह है कि हालिया सूचकांक के विश्लेषण से साफ हो जाता है कि आज भी इस सूचकांक को एक से तीन नंबर की रेंकिंग वाले देश की प्रतीक्षा है। रेकिंग में डेनमार्क शीर्ष पर है और उसका चौथे स्थान है।

नीदरलैंड, इंग्लेण्ड, फिलिपिन्स, मोरक्को, नार्वे क्रमशः है तो भारत दसवें स्थान पर है। देश में रिन्यूवल एनर्जी की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। गुजरात के कांडला सेज को पूरी तरह से हरित औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया है तो तमिलनाडू के महाबलीपुरम के शोर मंदिर को ग्रीन एनर्जी पुरातात्विक स्थल के रुप में पहचान मिल चुकी है। डेनमार्क का कोसेनहेगेन भी इसी श्रेणी में आता है। आस्ट्रेलिया का एडिलेड, कोरिया का सियोल, आइवरकोस्ट का कोकोडी, स्वीडन का मालमो और दक्षिणी अफ्रिका का केपटाउन ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए शहरों में से हैं। गुजरात के कांडला सेज में 1000 एकड में साढ़े तीन लाख पेड़ लगाया गया है। समुद्र के नमक के पानी से प्रभावित क्षेत्र को जलवायु की दृष्टि से करीब-करीब बदल ही दिया गया है।

अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में जो कार्य आरंभ हो रहा है वह समूची दुनिया के लिए एक मिसाल है। वहां पर सरकारी भवनों के साथ ही अन्य स्थानों पर सोलर पेनल और पवन उर्जा के स्रोत लगाये जाएंगे। पनबिजली परियोजना का संचालन होगा। पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी का ही उपयोग होगा। हांलाकि यह अपने आप में चुनौतीभरा काम होगा पर इच्छा शक्ति और कुछ नया करने की भावना से आगे बढ़ा जाता है तो फिर कोई कार्य असंभव नहीं होता है।

हांलाकि केन्द्र व राज्य सरकारे अक्षय उर्जा के इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। राजस्थान रिन्यूवल एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में समूचे देश में आगे है और भड़ला पार्क जैसे सोलर पार्क यहां विकसित हो चुके हैं। सरकार अब घरों की छतों पर सोलर एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है तो खेती में सोलर पंपों और अन्य कार्यों में उपयोग सकारात्मक प्रयास माने जा सकते हैं। पर अमरावती इन सबसे अलग इसलिए हो जाती है कि यहां समग्रता से प्रयास करते हुए समूचे शहर को ग्रीन एनर्जी युक्त बनाया जा रहा है यइ सराहनीय होने के साथ ही प्रेरक भी है।

**–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# शिक्षा और समर्पण



रामनिवास बैरवा

पिछले दिनों हिन्दी-अंग्रेजी के कई समाचार पत्रों में एक प्रसंग देखने में आया कि बेगूसराय के किसी ग्रामीण बच्चों की पाठशाला में अध्यापिका के रूप में नौकरी लगने पर कुमारी स्नेहा शर्मा ने अपनी पहली तनख्वाह से उसी स्कूल के 120 गरीब बच्चों के लिए स्कूल बैग, पानी की बोतलें और कॉपी-किताबें खरीद कर बांटीं। बच्चों से भावनात्मक लगाव तथा शिक्षा के लिए उस लड़की का समर्पण निश्चय ही प्रशंसनीय है, वह भी तब जब मास्टरी की नौकरी प्रप्त करने के लिए लोग कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं।

एक पौराणिक प्रसंग है, हालांकि उनके पात्रों को नाम याद नहीं आ रहे हैं। उस प्रसंगमें एक गुरू के आश्रम में वनस्पति-विज्ञान और चिकित्सा पद्धति की शिक्षा ले रहे एक शिष्य ने काफी वर्षों की शिक्षा के बाद अपने गुरू से समाज की सेवा के लिए जाने की आज्ञा मांगी । गुरूजी जानते थे कि वह एक होनहार और समर्पित शिष्य है, फिर भी गुरूजी ने उससे कहा- "इस आश्रम के चार योजन की परिधि में ऐसी कोई वनस्पति लेकर आओ जिसका चिकित्सा में कोई उपयोग न हो।" गुरू को प्रणाम करके शिष्य ने प्रस्थान किया। लगभग एक वर्ष बाद में शिष्य ने गुरूजी से कहा कि 'उसे कोई भी वनस्पति निरर्थक नहीं मिली।' तब गुरूजी ने प्रसन्न होकर कहा "तुम्हारी शिक्षा पूरी हो चुकी है, तुम्हारे जीवन में कोई वस्तु निरर्थक नहीं है।"

उपरोक्त अध्यापिका का समर्पण भी इसी प्रकार का है, दायरा बेशक छोटा है। शिक्षा हमेशा से ही किन्हीं उद्देश्यों से प्रेरित रही है। ब्रिटिश राज में शिक्षा के साथ-साथ अपने प्रशासनिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए इसाई मिशनरीज को लगाया था-उसी के जवाब में दयानन्द सरस्वती ने कई स्कूल और कॉलेज खोले, बाल गंगाधर तिलक से प्रेरित हो कर नानाजी देशमुख के पहल करने पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी अपने विद्यालयों की श्रृंखला शुरू की, लेकिन डिग्रियां देने वाले विश्वविद्यालय सरकारी स्तर पर ही शुरू किये गये-बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (1916) और अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय (1920) को भी बाद में आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता दी गई। उनसे निकले विद्यार्थियों का अपना ही समर्पणभाव होता था, उनका अपना ही नैतिक स्तर होता था।

लेकिन, 1970-1980 के दशकों में समर्पण और नैतिकता ने सिर्फ डिग्रियां प्राप्त करने में बदल गया। मुझे याद है, उन वर्षों में कई निजी स्कूल, कॉलेज खोले गये थे जो आम तौर पर मैट्रिक या इंटर-मिजिएट के सर्टिफिकेट दिलवाने की व्यवस्था करते थे और कॉलेजों के माध्यम से स्नातक की फर्जी डिग्रियां दिलवाने का काम करते थे। जब, वैश्वीकरण का दौर चला और सरकारों ने अपने खर्चों में 30 प्रतिशत की अनिवार्य कटौतियां करने के लिए नये स्कूल-कॉलेज खोलना कम कर दिया और अध्यापकों-शिक्षकों की नियुक्तियां भी कम कर दीं।

ऐसी सीमित नौकरियों के दौर में अच्छे प्राप्तांकों और अच्छी विशिष्ट डिग्रियों की आवश्यकता पड़ी, तब निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना की इजाजत राज्य सरकारों ने देनी शुरू की। 1990 के दशक में रायपुर के एक ही मोहल्ले में बीस से अधिक विश्वविद्यालय खोले गये। यह शिक्षा के प्रति समर्पण के विपरीत सभी तरह का पतन था। इससे दुखी होकर उस समय के प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. यशपाल ने ऐसे विश्वविद्यालय खोले जाने को, यू.जी.सी. के शैक्षिक विषयवस्तु और संसाधनगत मापदण्डों की पालना नहीं करने के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे निजी विश्वद्यिालयों की स्थापना को अवैध माना। बाद में केंद्रीय सरकार ने यू.जी.सी. के निर्धारित मापदण्डों में कुछ छूट दी जिसके उपरांत हरेक छोटे-बड़े शहरों में सैकड़ों विश्वविद्यालय राज्य सरकारों की विधानसभाओं के द्वारा पारित अलग-अलग कानूनों के द्वारा स्थापित किये गये। क्या इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि जो 1970-80 के दशकों में फर्जी डिग्रियां दिलवाने का काम करते थे, अब उन्हें खुद ही डिग्रियां बनाने के विश्वविद्यालय बनाने की इजाजत राज्य सरकारों ने विधान सभाओं में कानून पारित करवा कर देनी शुरू करवा दी, चाहे वे डिग्रियां असली हों या फर्जी। इस तथ्य से कोई सहमत हो या नहीं, लेकिन आज फर्जी डिग्रियों के कितने मामले सामने आ रहे हैं, यह किसी से छुपा नहीं है। सत्य को मूंदे रहेगी शब्द की कब तक पिटारी।

निजी विश्वविद्यालयों के अस्तित्व में आ जाने के पश्चात् सरकारी विश्वविद्यालय भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए चारागाह बना दिये गय हैं, वाइस चांसलर बनाने के लिए या तो ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किया जाने लगा जिनका शिक्षा की तुलना में राजनीतिक समर्पण ज्यादा होता है, या समय पर वाइस चांसलर नियुक्त नहीं किये जाने पर आई.ए.एस. अपने में से ही किसी को वाइस चांसलर बना लेते हैं। ऐसे में उत्कृष्ट श्रेणी के सरकारी विश्वविद्यालय भी कैसे होंगे, अनुमान लगाया जा सकता है। मेरे एक वरिष्ठ अधिकारी थे, पश्चिम बंगाल से, स्वर्गीय श्री ए.एन. रॉय। बातों-बातों में एक बार उन्होंने पश्चिम बंगाल के पहले मुख्यमंत्री डा. विधानचंद्र रॉय से जुड़ा प्रसंग सुनाया था। पश्चिम बंगाल के मंत्रीमंडल में किसी योजना या किसी कार्यक्रम को शुरू करने का फैसला लिया गया और तब के अपने मुख्य सचिव को उसे लागू करने के लिए कहा। कुछ समय बाद मंत्रीमंडल की बैठक में उस विषय की प्रगति की जानकारी मांगी गई, तब मुख्य-सचिव ने कहा कि उस योजना या कार्यक्रम में काफी पैसा खर्च करना था, जिसके लिए कोई नियम-कानून नहीं होने के कारण उस पर काम नहीं किया जा सका। फिर मुख्य सचिव ने आगे कहा कि अगर सरकार विधानसभा से इस मामले पर नियम-कानून बनवा देती है तो उस योजना पर काम किया जा सकता था। डॉ. विधानचंद्र रॉय जानते थे कि उस मसमले के लिए कोई कानून नहीं बनाया जा सकता था, अतः उस योजना या उस कार्यक्रम को वहीं पर खतम कर दिया गया।

क्या आज कोई किसी भी स्तर का आई.ए.एस. है जो राज्य मंत्रीमंडल से अनुमोदित किसी योजना को लागू करने से इतने सशक्त तरीके से मनाकर दे? आज तो एक दागी एम.एल.ए. भी कुछ करने के लिए कह दे तो आई.ए.एस. या आई.पी.एस. जैसे भी हो, अपने उस एम.एल.ए. की आज्ञा का पालन करके ही रहते हैं। मुख्यमंत्री कुछ करने के लिए कह दे तो बात सर्वोपरि हो जाती है। बजट घोषणाएं तो जैसे संविधान के दिशा-निर्देशों से भी ऊपर होती हैं, उनके लिए। क्योंकि... आई.ए.एस., आई.पी.एस. जन-सेवा, कानूनों का पालन करने की तुलना में उपलब्ध सुख-सुविधाओं का लाभ लेने के लिए बनते हैं, बनना चाहते हैं। इसके लिए, कुछ अपवादों को छोड़कर, जैसे भी हो, जितना भी पैसा खर्च करना पड़े, करते हैं, आई.ए.एस. और आई.पी.एस. बनने के लिए। आखिर किये गये खर्चों को भी तो वापस वसूलना है। इन सबके बावजूद जो आई.ए.एस. चयन परीक्षा में सबसे ऊपर होता है उसके प्राप्तांक 50 प्रतिशत के आस-पास ही होते हैं, मेरिट में उनसे नीचे के चयनितों के प्राप्तांक कितने होंगे, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। 1000-1100 चयनितों के न्यूनतम प्रप्तांक 35 प्रतिशत के आस-पास ही होते हैं। ऐसे में उनकी क्षमता, उनकी अभिलाषा और उनकी दक्षता क्या होगी? उन्हीं में से और भी निचले स्तर के चयनितों को आई पी एस बनाया जाता हैं। आई पी एस अधिकारियों के आम जनता से संपर्क की व्यापकता को देखते हुए उनके ज्ञान, उनके विवेक, उनकी संवेदना और उनका समर्पण उच्चस्तर का होना अपेक्षित है जो कि आमतौर पर नहीं पाया जाता है। उन्हें तो सिर्फ आई.ए.एस., आई.पी.एस. बनना है और संयोग से उन्हीं में से कोई किसी यूनिवर्सिटी का वाइसचांसलर भी बनता है तो शिक्षा का क्या हस्र होगा, सहज ही अनुमान ही लगा सकते हैं।

इन्हीं प्रशासनिक अधिकारियों की देख-रेख में अध्यापक-गण अन्य सामान्य प्रशासनिक काम करने के लिए लगाये जाते हैं, ऐसे में बच्चों को पढ़ाने में समर्पण कहां से आयेगा उनमें। यही वजह है कि विभिन्न भर्ती परिक्षाओं के पर्चे धड़ल्ले से बेचे जाते हैं और अपने चहेतों की भर्ती की सम्भानाएं कम होने पर भर्ती-परीक्षाओं के अन्तिम परिणामों को सम्भवतः अपने स्तर पर और विशेष परिस्थितियों में, अदालतों के माध्यम से स्थगित करवा दिया जाता है। ऐसे में नौकरियों की उम्मीद में बैठे प्रत्याशी क्या करेंगे? या तो वे अपराधियों के चंगुल में फंसेगे या नेताओं-अफसरों के चक्कर लगायेंगे- और प्रशासन की निष्ठुरताओं का अनुभव प्राप्त करते हैं, तब उनमें शिक्षा के प्रति समर्पण कैसे आयेगा? प्रतिदान वही होता है, जो कि मिला होता है।

**–रामनिवास बैरवा,**
**पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त**

# पर्यावरण जागरूकता के तहत पौधे वितरित

**शाहपुरा,** (निसं)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या विद्यापीठ संस्थान, शाहपुरा में पर्यावरण जागरूकता के तहत पौधा एवं इको फ्रेंडली सीड बॉल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन की मुख्य सूत्रधार रही राजस्थान की पर्यावरण प्रहरी के रूप में विख्यात 'ग्रीन लिटिल बेबी' श्रेया कुमावत, जिन्होंने अपने समर्पण और संकल्प से सभी को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में नगर परिषद के सभापति रघुनंदन सोनी, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी, नगर महामंत्री जितेंद्र परासर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। संस्थान के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश कुमावत ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की और ग्रीन लिटिल बेबी का परिचय देते हुए उनकी पर्यावरणीय सेवाओं को रेखांकित किया। शुभारंभ में . शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा श्रेया का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ग्रीन लिटिल बेबी ने कपड़े से बनी पोटलियों में हर्बल मेडिसिन, फलदार, छायादार व सब्जियों की लताओं के बीजों से बनी इको फ्रेंडली सीड बॉल्स वितरित की। विद्यार्थियों एवं अतिथियों को पौधों के साथ इन सीड बॉल्स के उपयोग की जानकारी भी दी गई। उन्होंने कहा, पेड़ केवल हरियाली नहीं, हमारे अस्तित्व की सांस हैं। ऑक्सीजन, छाया और स्वच्छता-तीनों के वाहक यही वृक्ष हैं।

श्रेया ने बताया कि आगामी जुलाई में अपने 13वें जन्मदिवस पर वे 25 से 30 हजार सीड बॉल्स का वितरण शाहपुरा क्षेत्र के सभी विद्यालयों, बस स्टैंड, रेलवे प्लेटफॉर्म व सार्वजनिक स्थलों पर करेंगी। यह जिले का अब तक का सबसे बड़ा जन-सहभागिता अभियान होगा। उनकी बाल टीम दिन-रात सीड बॉल निर्माण में जुटी है। कार्यक्रम का संचालन ज्योति शर्मा ने किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश वर्मा, बृजेश शर्मा, लेखराज पाराशर, बालूराम कुमावत, रामधन कुमावत, नरेश व्यास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस पहल की सर्वत्र सराहना की जा रही है और यह अपेक्षा की जा रही है कि 'ठाीन लिटिल बेबी' की यह हरित यात्रा जन-जन को जोड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 4 जून, 2025**

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 3:36 तक, वज्र योग प्रातः 8:29 तक, बालव करण दिन 10:56 तक, चन्द्रमा प्रातः 7:35 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-वृष, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि और कुमार योग रात्रि 3:36 से सूर्योदय तक है। आज श्री महेश नवमी, श्री हरि जयन्ती, माहेश्वरी जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ अमृत सूर्योदय से 9:01 तक, शुभ 10:43 से 12:14 तक, चर 3:49 से 5:31 तक, लाभ 5:31 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:13

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**वृष**
व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सफलता से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। मांगलिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। आज अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ने का भय है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मीन**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

# 150 करोड़ का ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पकड़ा, तीन इंजीनियर दोस्त गिरफ्तार

## तीनों ने मिलकर दो साल में 30 से ज्यादा वेबसाइट बनाई, इन वेबसाइट से 60 हजार लोग जुड़े थे

**अलवर,** (निसं)। अलवर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले तीन इंजीनियर दोस्तों को गिरफ्तार किया है। तीनों ने मिलकर दो साल में 30 से ज्यादा वेबसाइट बनाई। इन वेबसाइट से 60 हजार लोग जुड़े थे। वे इसके जरिए करीब 150 करोड़ रुपए का सट्टा खिला चुके हैं। वर्चुअल करेंसी के जरिए सट्टा लगाया जाता था, जबकि हवाला के जरिए पैसों का लेनदेन होता था। तीनों अलवर में एक स्पोर्ट्स क्लब भी चलाते हैं। पुलिस ने इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल आदि जब्त किए हैं। सट्टे की रकम से इन्होंने राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में प्रॉपर्टी खरीदी है, जिसके डॉक्यूमेंट मिले हैं।

एएसपी तेजपाल सिंह ने बताया कि मामले में सबसे पहले रविवार को नितिन पालीवाल पुत्र ओमप्रकाश पालीवाल निवासी स्कीम-10 (अलवर) को पकड़ा गया था। वह आगरा से अलवर आते हुए नाकाबंदी में पकड़ा गया था। पूछताछ में उसके दो दोस्तों के शामिल होने का पता चला। सोमवार को महेश शर्मा पुत्र रामनगीना शर्मा निवासी अपना घर शालीमार जी-913 और पीयूष शर्मा पुत्र ओमप्रकाश निवासी शिवाजी पार्क (अलवर) को पकड़ा गया। तीनों ने बीटेक किया हुआ है। एएसपी ने बताया कि ऑनलाइन सट्टे के बारे में एमआईए (मत्स्य इंडस्ट्रियल एरिया) थाना प्रभारी अजीत बड़सरा और साइबर सेल के हेड कॉन्स्टेबल संदीप से जानकारी मिली थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। दरअसल, हेड कॉन्स्टेबल संदीप को नितिन के ऑनलाइन सट्टे से जुड़े होने का इनपुट मिला था।



**आरोपी नितिन पालीवाल, महेश शर्मा, पीयूष शर्मा।**

- **सट्टा वर्चुअल करेंसी के जरिए लगाया जाता था, पैसे का लेनदेन हवाला के जरिए होता था, जो दुबई तक हुआ है**
- **सट्टे की रकम से राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश में प्रॉपर्टी खरीदी, जिनके डॉक्यूमेंट मिले हैं**

एएसपी तेजपाल सिंह ने बताया कि तीनों ने 30 से ज्यादा वेबसाइट बनाई। इसके जरिए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते थे। वेबसाइट पर करीब 150 करोड़ रुपए का हिसाब मिला है। इनके पोर्टल पर करीब 60 हजार लोग कनेक्ट मिले हैं, जिनका पैसा लगा हुआ था। सट्टा वर्चुअल करेंसी के जरिए लगाया जाता था। पैसे का लेनदेन हवाला के जरिए होता था, जो दुबई तक हुआ है। तीनों अलवर में एक साल से डग आउट स्पोर्ट्स क्लब चलाते हैं। एमआईए (अलवर) में भी प्रॉपर्टी खरीदी हुई है। अपना घर शालीमार में भी कई फ्लैट होने की जानकारी सामने आई है, जिसकी जांच चल रही है। इधर पिछले करीब 15 सालों से एक सट्टा किंग द्वारा चलाया जा रहा महालक्ष्मी मटका को तो आज तक अलवर पुलिस नही रोक पाई लेकिन शहर में चल रहे ऑनलाइन चल रहे सट्टे को पकड कर सफलता हासिल कर ली। उल्लेखनीय है कि अलवर में पिछले करीब 15 सालों से एक सट्टा किंग लगातार रोजाना महालक्ष्मी मटका खोलता है जिसमें गरीब आदमी सट्टा लगाते हैं। यह महालक्ष्मी मटका लगातार मीडिया की सुर्खियों भी रहा है लेकिन आज तक अलवर पुलिस इस महालक्ष्मी मटका को बंद नहीं करा सकी है।

# 17 हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। करौली में पटवार हल्का महाराजपुर उप तहसील करणपुर तहसील सपोटरा के पटवारी दीपक कुमार जैमनी को 17 हजार रुपये की रिश्वत लेते एसीबी कि टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी करौली ईकाई द्वारा मंगलवार को कार्यवाही करते हुये दीपक कुमार जैमनी पटवारी, पटवार हल्का महाराजपुरा उपतहसील करणपुर तहसील सपोटरा द्वारा परिवादी से उसकी माताजी की ग्राम गोटा स्थित खातेदारी भूमि की पत्थरगढी हेतु गठित टीम के सदस्यों के नाम से स्वयं के लिये 17 हजार रूपयों की रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा था। उक्त मांग के अनुसरण में रिश्वत राशि 17 हजार रूपये परिवादी को कस्बा कैलादेवी स्थित सरकारी विद्यालय के सामने बुलाकर प्राप्त करना एवं प्राप्त की गई 17 हजार रुपये की राशि उसके कब्जे से बरामद होने पर रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी चौकी करौली को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से उसकी माता की ग्राम गोटा स्थित खातेदारी भूमि की पत्थरगढी हेतु गठित टीम के सदस्यों के नाम से स्वयं के लिये 25 हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के सुपरविजन में जगदीश भारद्वाज पुलिस निरीक्षक एसीबी करौली द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये दीपक कुमार जैमनी पटवारी को परिवादी से 17 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।



**एसीबी ने कैलादेवी में पटवारी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की।**

# नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते कोटा में झमाझम बारिश



**कोटा में बरसात के दौरान कई जगह जलभराव की स्थिति बन गई।**

**कोटा,** (निसं)। नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते पलटे मौसम ने मंगलवार को कोटा को भिगोया। आधे घंटे झमाझम बारिश हुई। बारिश के साथ अंधड़ भी आया। इस दौरान एक पेड़ गिरने से स्कूटी सवार दब गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई और सड़कों पर जलभराव की समस्या हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार, दोपहर में 4.5 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। भीमगंजमंडी थाने से रेलवे स्टेशन तक की सड़क पानी का दरिया बन गई। नगर निगम के सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। सड़कों पर डेढ़ से दो फीट पानी भर गया। ड्रेनेज सिस्टम फेल होने से दुकानों में पानी भर गया। एकाएक दुकानों में पानी भरने से व्यापारियों को माल समेटने का मौका भी नहीं मिला। अंटाघर अंडरपास पर पानी जमा हो गया। इससे यहां से गुजर रही गाड़ियों में पानी भर गया। बारिश के साथ आई आंधी के चलते स्टेशन इलाके में पेड़ गिर गया। पास से गुजर रहा स्कूटी सवार चपेट में आ गया। वह स्कूटी समेत पेड़ तले दब गया। आसपास के लोगों ने बड़ी मशक्कत से उसे निकाला। पुलिस भी आई उसे अस्पताल पहुंचाया। पेड़ गिरने से रास्ता बाधित हो गया। भीमगंजमंडी थाना अधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि पेड़ गिरने से स्कूटी सवार छोटू गुर्जर के हाथ और पैर में चोट लग गई थी। स्टेशन इलाके के व्यापारी जयदेव सुखेजा ने कहा कि बारिश का पानी अचानक से आने से उन्हें सामान समेटने का मौका भी नहीं मिला। यह लापरवाही नगर निगम की है। मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के अनुसार, कोटा के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। मंगलवार को अधिकतम पारा 36.2 डिग्री सेल्सियस था जबकि सोमवार को यह 38.6 डिग्री था। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बुधवार को यह 29.4 था। नगर निगम कोटा उत्तर क्षेत्र में भीमगंजमंडी के बजरिया क्षेत्र में पानी के भरने की समस्या सामने आई।

# युवक व युवती की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के सविना थाना क्षेत्र में युवक व युवती की अकाल मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षेत्र निवासी कुलदीप भगवतीलाल कलामत की अकाल मौत हो गई। कुलदीप पांच छह माह से बीमार था। 2 फरवरी को परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। इसी तरह 2 जून को हिरणमगरी सेक्टर14 निवासी रेखा जाट (23) पुत्री प्यारचंद जाट को परिजन अचेतावस्था में चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई प्रीतमसिंह ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# मासूम को गर्म सलाखों से दागा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शाहपुरा के बडसेरा गांव में परिजनों ने मासूम बालिका को पहले गर्म सलाखों से दागा और फिर हालत बिगड़ने पर एमजीएच अस्पताल में लेकर पहुंचे। बालिका की हालत अस्पताल में गंभीर बनी हुई है। बड़सेरा निवासी नंदलाल भील की एक वर्षिय बेटी खुशी के पास से सांप गुजर गया था, जिसके बाद अंधविश्वासी परिजनों ने कहा कि सांप ने फूंक मारी इस तरह की बात करते हुए उसे एक भोपे के जरिए गर्म सलाखों से डाव लगवा दिया। इसके बाद मासूम की हालत गंभीर हो गई और उसे एमजीएच में भर्ती करवाया गया।

# चेक अनादरण की आरोपी महिला को सजा सुनाई

**ब्यावर,** (निसं)। अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 सुषमा जाखड़ ने चेक अनादरण की आरोपी बलाड़ रोड, सूरज कॉलोनी ब्यावर निवासी सुमन पत्नी रामरिछपाल को चेक अनादरण के मामले में दोष सिद्ध करते हुए 6 माह की सजा और सोलह लाख के अर्थदंड की सजा के आदेश प्रदान किए। परिवादी प्रकाशचंद साहू पुत्र चंपालाल की ओर से एडवोकेट प्रवीण जैन ने तर्क दिया कि परिवादी से उधार ली गई राशि के मांगती रकम के भुगतान के लिए चेक दिया गया था जो कि अभियुक्ता सुमन के खाते में अपर्याप्त राशि होने के कारण अनादृत हो गया, जिस पर एडवोकेट प्रवीण जैन ने तर्क दिया कि मुलजिम ने जानबूझकर उसके खाते में राशि नहीं होने के बावजूद चेक दिया एवं चेक पर अभियुक्ता सुमन के हस्ताक्षर भी प्रमाणित है। चूँकि वर्तमान में चेक के प्रकरण बढ़ते जा रहे हैं, प्रवीण जैन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायाधीश ने सजा सुनाई एवं सजा वारंट बनाने के आदेश प्रदान किए।

# लूट की वारदात का खुलासा, दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बदनोर थाना पुलिस ने क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज लूट की वारदात का महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट में प्रयुक्त वाहन, हथियार, नकली नंबर प्लेट, करीब 2 किलो 297 ग्राम चांदी के आभूषण और 60,620 नगद बरामद किए हैं। एक अन्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

प्रार्थी रमेश सिंह निवासी सबलसागर ने रिपोर्ट दी थी कि 31 मई की शाम लगभग सात बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। उसके पास एक बैग में करीब 3 किलो चांदी के आभूषण और 1,00,000 नगद थे। चंबल परियोजना प्लांट के पास एक सफेद रंग की स्वीफ्ट डिज़ायर कार में सवार 2-3 अज्ञात लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर गिरा दिया। आरोपियों ने तलवार से हमला करने की कोशिश की और उसका बैग लूटकर फरार हो गए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा और वृत्ताधिकारी मसूदा सज्जन सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी राजेश तिवाड़ी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। अनुसंधान के दौरान दो संदिग्धों हीरा सिंह उर्फ बंटी (34), निवासी गालिया थाना जवाजा और कैलाश सिंह (19) निवासी नंदावट थाना भीम को गिरफ्तार किया।

- **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट में प्रयुक्त वाहन, हथियार, नकली नंबर प्लेट, चांदी के आभूषण और नगदी बरामद की**

# बनास नदी में अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के पारोली थाना क्षेत्र के काटी गांव के पास मंगलवार दोपहर में बनास नदी में एक अधेड़ व्यक्ति की तैरती लाश मिली। लाश मिलने से सनसनी फैल गई। काटी सरपंच रतनलाल बलाई मौके पर पहुंचे। पारोली थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पारोली थाने के दीवान रामेश्वर मीणा मौके पर पहुंचे।

दीवान रामेश्वर मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी गोपाल पिता खाना बैरवा निवासी कटारिया का खेड़ा थाना काछोला ने रिपोर्ट दी कि मेरा काका घीसा पिता गंगाराम बैरवा सोमवार सुबह भैंसे चराने के लिए घर से बाहर निकला जो रात को घर नहीं आया। रात को बहुत तलाश थी लेकिन कोई पता नहीं चला। आज मंगलवार सुबह सही काका की तलाश कर रहे थे। दोपहर करीब दो बजे काटी गांव से सूचना मिली कि बनास नदी में एक अधेड़ व्यक्ति कि लाश पानी में तैर रही है। बनास नदी में जाकर देखा तो मेरा काका घीसाराम की लाश मिली। पुलिस में ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाल कर कोटडी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

- **पुलिस में ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से निकाला**

# होटलकर्मी ने आत्महत्या की

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के घंटाघर थाना क्षेत्र में लेक पैलेस होटलकर्मी ने पानी में कूद कर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार खाबीया गोगुंदा थाना ओगणा हाल आम्बावाड़ी निवासी राजसिंह पुत्र मानसिंह ने लेक पैलेस से पानी में कूदकर आत्महत्या कर ली। राजसिंह होटल में काम करता था एवं सवेरे वह पानी में कूद पड़ा। इसको देख अन्य कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाल एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घंटाघर थाना एएसआई कैलाशचंद्र ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

# भतीजी से दुष्कर्म, चाचा गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के ग्रामीण इलाके के थाना क्षेत्र में पुलिस ने नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म करने वाले सगे चाचा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की आयु करीब 14-15 वर्ष है। पीड़िता के परिजनों ने 27 मार्च को केस दर्ज करवाया था। इस मामले में पहले पीड़िता ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर दुष्कर्म के आरोप लगाए थे। पुलिस ने आरोपी युवक को तुरंत ही पकड़ लिया, लेकिन बाद में पीड़िता के सगे चाचा पर दुष्कर्म का आरोप लगाया।

मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज होते समय पीड़िता गर्भवती थी। मामला उलझा हुआ होने के कारण मेडिकल जांच व डीएनए टेस्ट करवाया गया। टेस्ट की रिपोर्ट पीड़िता के चाचा के साथ मैच हुई है। आरोपी को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीडित नाबालिग के पेट में दर्द होने पर परिजनों को दुष्कर्म की जानकारी हुई। परिजनों ने जांच करवाई तो पता चला कि पीड़िता गर्भवती थी। कोर्ट के आदेश के बाद नाबालिगा का अबॉर्शन करवाया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि परिजनों ने शुरुआत में पड़ोसी युवक पर आरोप लगाया था। इसके बाद नाबालिगा ने परिजनों को चाचा के द्वारा दुष्कर्म की बात कही। आरोपी युवक व नाबालिगा के चाचा का मेडिकल करवाया। बाद में डीएनए टेस्ट से स्थिति स्पष्ट हुई है। आरोपी की उम्र करीब 35 साल है और वह विवाहित है।

# कृषि मंत्री ने श्रीगंगानगर में बीज भंडारों और फैक्ट्रियों पर छापा मारा

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने मंगलवार को छापेमारी की। इस दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। वहीं नकली बीजों के स्टॉक को जब्त कराया गया। साथ ही, कृषि विभाग ने इन बीजों के सैंपल भी लिए हैं। यहां एक्सपायरी बीजों को नई थैलियों में पैक करने और रंग चढ़ाकर उन्हें नया दिखाने का खुलासा हुआ है।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा एक बार फिर एक्शन में हैं। पिछले दिनों ही उन्होंने अजमेर में खाद-बीजों के गोदाम पर छापेमारी की थी। मंगलवार को कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा श्रीगंगानगर पहुंचे। रीको क्षेत्र में कई बीज भंडारों और फैक्ट्रियों पर अधिकारियों की टीम के साथ छापेमारी की। भारी मात्रा में नकली बीज बरामद हुआ है। मंत्री ने रीको इलाके के शंकर सीड्स, शक्ति सीड्स और हार्वेस्टर फूड पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय रखी गई। मंत्री ने खुद मौके पर मौजूद रहकर पूरी कार्रवाई की निगरानी की। मंत्री ने बताया कि हार्वेस्टर फूड बीज भंडार में एक्सपायरी बीजों को नई थैलियों में पैक किया जा रहा था। बीजों पर रंग चढ़ाकर उन्हें नया दिखाया जा रहा था। इस तरह किसानों को धोखा देकर नकली बीज बेचे जा रहे हैं। शंकर सीड्स और शक्ति सीड्स पर छापे के दौरान संदिग्ध दस्तावेज और बीजों के सैंपल जब्त किए गए। इन्हें लैब में भेजा गया है।

मंत्री किरोड़ीलाल ने कहा कि राज्य सरकार नकली बीज, खाद और उर्वरक बेचने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों की मेहनत पर मुनाफा कमाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। हाल ही में प्रदेश के कई हिस्सों से नकली खाद-बीज की शिकायतें आई थी। इसके बाद मंत्री ने खुद मोर्चा संभालते हुए छापेमारी शुरू की। अधिकारियों के मुताबिक, पूरे मामले में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

इससे पहले मंत्री किरोड़ी ने 29 और 30 मई को दो दिन लगातार अजमेर के किशनगढ़ में कार्रवाई की थी। इसमें नकली खाद बनाने की फैक्टरी भी पकड़ी थी। पहले दिन तो फैक्टरी पर छापा मारने के लिए मंत्री किरोड़ी लोडिंग टेम्पो में बैठकर पहुंचे थे। 29 मई को उन्होंने 12 फैक्ट्रियों में पहुंचकर जांच की थी। 30 मई को मंत्री जांच करने पहुंचे तो एक-दो जगह कर्मचारी ताला लगाकर भाग चुके थे। इस दिन 5 फैक्ट्रियों को सील किया गया था। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने गुरुवार (29 मई) को नकली खाद बनाने की फैक्टरी पकड़ी। यहां नकली डीएपी, एसएपी और पोटेशियम बनाया जा रहा था। फैक्टरी पर छापा मारने के लिए मंत्र किरोड़ी लोडिंग टेंपो में बैठकर पहुंचे। फैक्टरी किशनगढ़ के उदयपुर कलां क्षेत्र में थी।

- **भारी मात्रा में नकली बीजों के स्टॉक को जब्त कराया, कृषि विभाग की टीम ने इन बीजों के सैंपल भी लिए**
- **कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने रीको इलाके के शंकर सीड्स, शक्ति सीड्स और हार्वेस्टर फूड पर एक साथ छापेमारी की, कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय रखी गई**
- **शंकर सीड्स और शक्ति सीड्स पर छापे के दौरान संदिग्ध दस्तावेज और बीजों के सैंपल जब्त किए गए, इन्हें लैब में भेजा गया**

# 52 टन उर्वरक उत्पाद जब्त मामले में केस दर्ज कराया

## इंडस्ट्रियल एरिया में कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई

**सूरतगढ़,** (निसं)। इंडस्ट्रियल एरिया में कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। विभाग द्वारा करीब 52 टन फर्टिलाइज़र उत्पादों पर छापा मार कार्रवाई के बाद देर शाम एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। यह कार्रवाई उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के उल्लंघन के तहत की गई। पुलिस ने वार्ड 29, गणेश मंदिर रोड निवासी इस्पाक अहमद पुत्र खुशी मोहम्मद के खिलाफ सिटी थाना सूरतगढ़ में एफआईआर दर्ज की है।

थानाधिकारी दिनेश सारण ने बताया कि यह मामला उप परियोजना निदेशक (आत्मा) सुदेश कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि 30 मई को निरीक्षण के लिए टीम ने रिको एरिया स्थित मैसर्स सॉयल टेक फर्टिलाइजर एंड केमिकल के विक्रय परिसर पर छापा मारा, लेकिन मौके पर न तो उर्वरक सामग्री मिली और न ही उससे संबंधित कोई गतिविधि। वहां एसिड बैटरी निर्माण कार्य चल रहा था।

जांच के दौरान पता चला कि कंपनी ने अपना स्टॉक जी-106/107 रिको इंडस्ट्रियल एरिया में शिफ्ट कर दिया है। जब टीम वहां पहुंची तो पाया गया कि स्थल पर कोई बोर्ड नहीं था, न ही वैध लाइसेंस मौजूद था। स्टॉक रजिस्टर भी नहीं मिला और पैकेजिंग सामग्री अव्यवस्थित मिली। गोदाम में रॉ मटेरियल भी पाया गया। निरीक्षण में सामने आया कि गोदाम में अवैध रूप से उर्वरक का निर्माण, भंडारण और पैकेजिंग की जा रही थी, जो धारा 7 व 8 के तहत दंडनीय अपराध है। मौके पर नक्शा, शपथ पत्र व सुपुर्दगी पत्र तैयार कर इस्पाक अहमद को चेताया गया कि सामग्री को न तो बेचा जाएगा, न ही इधर-उधर किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिका मॉगरोल जिला बारां (राज0)**

क्रमांकः-न.पा.मॉ./निर्माण/2025/1140 दिनांकः- 30.05.2025

**Corrigendum**

नगर पालिका मांगरोल द्वारा ई निविदा सूचना कमांक 777-782 दिनाक 13.05.2025 से जारी की गई थी। जिसके **NIB Code. DLB2526A1499** हैं। उक्त निविदा में Technical Requirement में क्रम संख्या 5 की शर्त को हटाया जाता हैं। शेष समस्त शर्ते यथावत रहेगी।

राज.संवाद/सी/25/3425 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मॉगरोल

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

प्रभारिम शशि सूर्ययोः

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता (निरीक्षण एवं भण्डार)

पुराना पॉवर हाउस, बनीपार्क, जयपुर, टेलीफैक्सः-0141-2200582

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

जयपुर डिस्कॉम द्वारा खरीदे सामान की तृतीय पक्ष द्वारा निरीक्षण करने के लिए दर संविदा (निविदा संख्या-47 (UBN- VVN2526SLRC00063) 'ई-प्रोक्योरमेंट' प्रणाली के अन्तर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के बारे में अन्य विवरण वेब साईट **www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl** व **www.eproc.rajasthan.gov.in** द्वारा जाने जा सकते हैं। भविष्य में निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन / तिथि बढ़ाने की जानकारी केवल उक्त वेब साईट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

राज.संवाद/सी/25/3458 जेपीआर - 2997 (2025) अधीक्षण अभियन्ता (नि. एवं भ.)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. DN. VALLABHNAGAR**

No. :-264 Date: 20.05.2025

**Notice Invision Bid No. 01/2025-26**

**NIB No.: PWD2526A0713**

Bids for Various works are invited from interested bidders upto 26.05.2025 9.00 AM to 05.06.2025 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of 2 Works is Rs. 345.30 Lacs.

**UBN No :- 1. PWD2526WSOB02158, 2. PWD2526WSOB02159**

DIPR/C/6834/2025 (Achal Gupta) Executive Engineer P.W.D. Dn. Vallabhnagar

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जालोर**

क्रमांक : एनएचएम-लेखा / 2025-26/326 दिनांकः 21.05.2025

**ई-निविदा सूचना -01/2025-26**

इस कार्यालय के अधीन संचालित, एनएचएम, जनता क्लिनिक एवं विभिन्न योजनाओं में रिक्त पदों पर जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से निविदा राशि तीन करोड़ के लिए संवेदकों के माध्यम से मानव संसाधन की सेवाएं लिए जाने के लिए राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम-2012 एवं नियम 2013 में विहित नियमों एवं वित्त विभाग के समय-समय पर जारी परिपत्रों के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार पंजीकृत फर्मों / सेवा प्रदाता एजेन्सीयों से E-Proc. पॉर्टल पर ई-निविदा दिनांक 09.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है।

आवेदन पत्र/निविदा दस्तावेज राज्य लोक उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in/ sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN: MHS2526SLOB01241, NIB: MHS2526A0714 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जालोर

DIPR/C/6836/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD PROJECT DIVISION (BUILDING) KOTA**

No:-82 Date: 26.05.2025

**Notice Inviting Bid (NIT No 02/2025-26)**

Bids for Building & Maintenance work at Kota are invited from interested bidders upto 06.00 PM of 05.06.2025 (Thursday) Other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajasthan State.

The approximate value of the procurement is Rs 221.89 Lac.

**UBN NO-1. PWD2526WSOB02663, 2. PWD2526WSOB02672 3. PWD2526WSOB02680, 4. PWD2526WSOB02682, 5. PWD2526WSOB02683**

DIPR/C/6935/2025 Executive Engineer PWD Project Div. (Build.) Kota

**Office of the Superintendent Engineering and Project Manager WCDC, Karauli**

No. 405 Date: 23-05-2025

**NOTICE INVITING BID**

**NIB No 08/2025-26**

Bids for PT, MPT, Ardhn Check Dam, Talai, LSCD, Talab Etc work Project PMKSY2.0 Block Karauli of estimated value INR 61.525 Lacs [ 01 Package] are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 22-05-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state, departmental website. or

NIB CODE:- WSC2526A0165

UBN NO- WSC2526WSRC00283

DIPR/C/6982/2025 Superitending Engineer and Project Manger WCDC Zila Parishad Karauli

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

Tel No. 1462-258665, 257509 Email Add: npbeawar@gmail.com

क्रमांक/निर्माण/2025-26/2865 दिनांकः- 02.06.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**

नगर परिषद, ब्यावर द्वारा परिषद क्षैत्र में निजी आय मद के अन्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्य करवाया जाने हेतु परिषद के सम्बन्धित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों से E-Procurement प्रकिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑनलाईन निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 09/06/2025 सांय 06:00 बजे तक निविदा भरी जा सकती है एवं ई-निविदा फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस की राशि नगर परिषद के ।गपे ठंदा के खाता संख्या 914010005810609 आई.एफ.सी. कोड UTIB0001825 में जमा कराकर रसीद की हार्डकॉपी तथा बोली धरोहर का डी.डी./बैंकर चैक एवं सक्षम पंजीकरण की कॉपी नगर परिषद, ब्यावर के निर्माण शाखा में दिनांक 10/06/2025 को प्रातः 11 बजे से पूर्व जमा कराना अनिवार्य कराना अनिवार्य है। कुल 02 निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 93.43 लाख रूपये है। ई-निविदा सूचना की समस्त शर्तें SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।

जिसका **NIB Code DLB2526A1953** है एवं

**UBN नम्बर DLB2526WSOB06507, DLB2526WSOB06508**

राज.संवाद/सी/25/3502 प्रशासक नगर परिषद, ब्यावर आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

# दिल्ली में मोदी से भाजपा हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां की शिष्टाचार मुलाकात

## पूनियां ने राजस्थान-हरियाणा के विकास एवं संगठन की मजबूती के मुद्दों पर मोदी से लिया मार्गदर्शन

**नई दिल्ली/जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में पीएम आवास पर भाजपा हरियाणा संगठन प्रभारी, भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने शिष्टाचार मुलाकात कर मार्गदर्शन लिया।

- **ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर प्रधानमंत्री मोदी को पूनियां ने राजस्थान की अनूठी हस्तशिल्प कला होदा अम्बाबाड़ी की मूर्ति एवं बाड़मेर का पटटू (शॉल) भेंट कर आभार व्यक्त किया**



**सतीश पूनियां ने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। जहां नरेन्द्र मोदी ने सतीश पूनियां के पुत्र-पुत्रवधु महीप-सिप्पी, बेटी अनुष्का को आशीर्वाद दिया ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात में सतीश पूनियां ने राजस्थान और हरियाणा के विकास और संगठनात्मक मजबूती इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मार्गदर्शन लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सतीश पूनियां के बीच शिष्टाचार मुलाकात के साथ ही सतीश पूनियां ने परिवार के साथ भी नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की, पुत्र-पुत्रवधु महीप-सिप्पी, बेटी अनुष्का को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आशीर्वाद दिया, इस दौरान सतीश पूनियां के साथ धर्मपत्नी मोहिनी पूनिया भी मौजूद रहीं। आतंकवादियों के खिलाफ भारत की सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सतीश पूनियां ने राजस्थान की अनूठी हस्तशिल्प कला कदंब की लकड़ी से निर्मित होदा अम्बाबाड़ी की मूर्ति एवं बाड़मेर हस्तकला निर्मित पटटू (शॉल) भेंट कर आभार-अभिनंदन व्यक्त कर बधाई दी।

सतीश पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने से सदैव नई ऊर्जा मिलती है, नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प और आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प से प्रदेश और देश के प्रति उत्थान को लेकर मार्गदर्शन मिलता है, हमारे जैसे किसान परिवार में जन्मे सामान्य कार्यकर्ता को राज्य एवं राष्ट्र के लिये निरंतर कार्य करने की नरेंद्र मोदी से प्रेरणा मिलती है, जिससे प्रतिबद्ध होकर विकास एवं संगठन की मजबूती के प्रति कार्य करने को नई ऊर्जा मिलती है।

## पुलिस टीम पर हमले के आरोपियों का निकाला जुलूस

**जयपुर।** जयपुर पुलिस के हेड कांस्टेबल शहजाद अली ने रविवार को बड़ी दिलेरी का परिचय देते हुए विद्याधर नगर में किसी वांछित आरोपी को पकड़ने गए थे। उन्होंने वांछित आरोपी गौरव राय को हिरासत में ले लिया। वे उसे लेकर रवाना हुए, लेकिन पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो युवकों ने गाड़ी रुकवा कर पुलिस पर हमला करते हुए हिरासत में लिए गए आरोपी को छुड़ाने का प्रयास किया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लेकिन हेड कांस्टेबल शहजाद अली ने बहादुरी का परिचय देते हुए भीड़ से अकेला भिड़ गया और काफी देर तक हमलावरों से भिड़ते रहे। फिर विद्याधर नगर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हमलावरों को पकड़ लिया। इसके चलते सोमवार को पुलिस टीम ने हमले के आरोपियों को घटनास्थल तस्दीक सहित पैदल ही सड़क पर ले गए। इस दौरान लोगों ने पुलिस की पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाए तो वही आरोपितों ने हाथ जोडते हुए अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसा नहीं करने की माफी मांगी। गौरतलब है कि यह घटना रविवार दोपहर साढ़े तीन बजे की है। विद्याधर नगर के किशनबाग से श्याम नगर पुलिस ने आरोपी गौरव राय को हिरासत में लिया था। पुलिस के निजी वाहन में कांस्टेबल कानाराम और ड्राइवर सत्येंद्र चौधरी भी मौजूद थे। विद्याधर नगर बस स्टैंड नंबर 15 के पास स्थित मीनार मस्जिद के पास आरोपी गौरव के सहयोगी विजय राय और राहुल राय ने अपनी मोटर साइकिल पुलिस वाहन के आगे लगा दी।

# महापौर कुसुम यादव और आयुक्त अरुण हसीजा ने ली समीक्षा बैठक



**बैठक में महापौर कुसुम यादव ने मानसून आने से पहले ही आपदा प्रबंधन की ठोस प्लानिंग के निर्देश दिए**

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज जयपुर के मुख्यालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को अध्यक्षता हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने की।

इस दौरान महापौर कुसुम यादव ने मानसून आने से पहले ही आपदा प्रबंधन की ठोस प्लानिंग करने के निर्देश दिए। महापौर कुसुम यादव ने कहा कि जयपुर शहर में भारी बारिश होने पर सड़को पर जल भराव हो जाता है। इसके साथ हो निचली बस्तियों में घरों में पानी भर जाता है। ऐसे में बारिश से जल भराव नहीं हों और आमजन परेशान नहीं हों। इसके लिए ठोस प्लानिंग की जाएं।

महापौर ने नालों की सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बड़े नालों की सिर्फ एक बार हो सफाई नहीं जाएं, अपितु नालों की लगातार मॉनिटरिंग हो, और समय समय पर सफाई की जाएं। जिससे कि नालों में कचरा जमा नहीं हो पाएं। इस दौरान हेरिटेज निगम के सफाई

- **भारी बारिश और जलभराव से निपटने की करें ठोस प्लानिंग, नालों की लगातार हों सफाई : महापौर यादव**

समिति चेयरमैन पूरण चंद सैनी, गिर्राज नाठा, पवन शर्मा नटराज और लोक वाहन समिति के चेयरमैन रजत विश्नोई भी मौजूद रहे।

बैठक में हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने महापौर कुसुम यादव को हेरिटेज निगम की आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी संसाधनों को अलर्ट मोड पर रखा जाएं। किसी भी समस्या पर तुरंत राहत प्रदान दी जा सकें।महापौर कुसुम यादव ने बताया कि मानसून से पूर्व निगम को तैयारियों की समीक्षा की जाएं। इसके लिए निगम के चेयरमैन और निगम अधिकारी समन्वय के साथ काम करें। फील्ड में जाकर कार्यों का अवलोकन करें।

बाढ़ एवं आपदा नियंत्रण कक्ष में भी निगम कर्मी 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहे। वहीं सड़क पर कचरा नहीं रहे। इसके लिए सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित की जाएं।

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि शहर में कुछ स्थानों पर थोड़ी ही बारिश में जलभराव हो जाता है। ऐसे में वहां पर मड़पंप लगाए जाएं। वहीं पार्कों के पास जलभराव होने पर वाटर रिचार्ज करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाएं जाएं। इस दौरान निगम आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी निगम अधिकारियों को फील्ड में रहने और कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# लेनदेन को लेकर युवक पर फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**पुलिस ने फायरिंग मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 29 मई को दीपक मीना निवासी हिंडौन सिटी जिला करौली हाल इंदिरा गांधी नगर खोह नागोरियान पर लेनदेन को लेकर फायरिंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 29 मई को दीपक मीना निवासी हिंडौन सिटी जिला करौली हाल इंदिरा गांधी नगर खोह नागोरियान पर लेनदेन को लेकर फायरिंग करने के मामले में अभिषेक मीणा निवासी टोडाभीम जिला करौली हाल रामनगरिया जिला जयपुर औररोहिताश मीणा निवासी टोडाभीम जिला करौली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अभिषेक मीणा व रोहिताश से पूछताछ में सामने आया कि उन्होंने दीपक मीणा को बैंक खाते किराये पर दे रखे थे।

उपरोक्त बैंक खातो की लेनदेन पर ही उनका विवाद दीपक मीणा से था। इसी विवाद को लेकर दीपक मीना पर फायर किया था।

## कोरोना अटैक : एक दिन में 24 केस

**जयपुर।** राजस्थान में कोविड-19 एक बार फिर दस्तक देता नजर आ रहा है। आज प्रदेशभर में कुल 24 नए कोरोना संक्रमित सामने आए हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता फिर बढ़ गई है। इन मामलों में सबसे अधिक 13 पॉजिटिव केस बी लाल लैब जयपुर से रिपोर्ट हुए हैं। इसके अलावा जेएनयू जयपुर से 4, ईएचसीसी और एसपीएमसी बीकानेर से 2-2, तथा एम्स जोधपुर, एसएनएमसी और वीआरडीएल डूंगरपुर से एक-एक मामला रिपोर्ट किया गया।

चिकित्सा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जयपुर में 17 ;10 महिलाएं और 7 द्ध पुरुष शामिल हैं तथा इनकी उम्र 25 से 89 वर्ष के बीच है। इसी प्रकार बीकानेर 2, डूंगरपुर 1, जोधपुर 2, सवाई माधोपुर 1, टोंक 1 मरीज कोरोना संक्रमित पाएं गए। इसी प्रकार 14 मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं, जिनका एम्स जोधपुर, जेके लोन, राजस्थान अस्पताल जयपुर, एमडीएम जोधपुर और आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर में इलाज चल रहा है। इस वर्ष अब तक 137 कोविड मरीज सामने आ चुके हैं, जिसमें एक मरीज की मृत्यु भी हो चुकी है।

# स्नातक प्रथम सेमेस्टर के ऑनलाइन प्रवेश प्रारम्भ

**कोटपूतली।** राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविधालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर ऑनलाईन प्रवेश प्रारम्भ कर दिये गये है। प्राचार्य डॉ.आर.के.सिंह ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा सत्र 2025-26 में स्नातक पार्ट प्रथम (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में ऑनलाईन प्रवेश कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विधार्थी ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन कर रहे अभ्यर्थी के लिये बैंक खाता संख्या, आधार संख्या देना आवश्यक है। ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस का जाति प्रमाण पत्र एक वर्ष से अधिक पुराना है तो जी.शेडयूल अपलोड करना होगा। परन्तु जाति प्रमाण पत्र 03 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिये। ऑनलाईन आवेदन करते समय टी.सी. व 12 वीं कक्षा की अंकतालिका की आवश्यकता नहीं है, अत: इनका इंतजार किये बिना आवेदन करें। नोडल अधिकारी देशराज यादव ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया से सम्बन्धित समस्त जानकारी महाविद्यालय के वेब पेज पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया से सम्बन्धित जानकारी हेतु महाविद्यालय में छात्र सहायता प्रकोष्ठ से सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन करते समय वरीयतानुसार विषय संयोजन का चयन करें।

महाविद्यालय के कला संकाय में अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान, भूगोल, हिन्दी साहित्य, राजनीति विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, भूगोल, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, भूगोल, हिन्दी साहित्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास विषय संयोजन उपलब्ध है। वहीं विज्ञान संकाय में गणित वर्ग में गणित, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, भू-गर्भ शास्त्र, रसायन शास्त्र, गणित, भौतिक शास्त्र, भू-गर्भ शास्त्र, गणित, भौतिक शास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, गणित, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान विषय संयोजन है। ऑनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र भरने की तिथि 04 जून से 16 जून तक है। अन्तरिम प्रवेश सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 20 जून को किया जायेगा। अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई-मित्र शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 24 जून है। महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर शिक्षण कार्य 01 जुलाई से प्रारम्भ होगा।

# डीजे कोर्ट खोले जाने पर विधायक पटेल ने मुख्यमंत्री व विधि मंत्री का आभार जताया

**कोटपूतली,।** राज्य सरकार द्वारा कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय (डीजे कोर्ट) एवं इसके समकक्ष न्यायालय, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश (सीजेएम कोर्ट), किशोर न्याय बोर्ड व उपभोक्ता संरक्षण बोर्ड खोले जाने की घोषणा पर विधायक हंसराज पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधि मंत्री जोगाराम पटेल का आभार व्यक्त करते हुये इस संघर्ष में मिले बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के सहयोग पर धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

साथ ही जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली समेत बानसूर, विराटनगर, पावटा व नारायणपुर के अभिभाषक संघों, अधिवक्ताओं व आमजन को भी बधाई दी है। पटेल ने कहा कि यह जीत कोटपूतली वासियों की एकता व संघर्ष की जीत है। जिस प्रकार आसपास की तहसीलों व विधानसभा के नागरिकों, अधिवक्ताओं व जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं समर्थन के साथ कोटपूतली के अधिवक्ताओं, आमजन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थाओं व विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने बेहद संयम दिखाते हुये शांतिपूर्ण तरीके से दो माह तक आन्दोलन किया। उससे कोटपूतली की मांग को और भी मजबुती मिली। राज्य सरकार ने यहाँ के लोगों की वाजिब मांग को देखते हुये इसे पुरा किया है। पटेल ने कहा कि डीजे कोर्ट खुलने से कोटपूतली में न्यायिक सुविधाओं का विस्तार होगा। जिससे यहां के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। साथ ही परिवादियों के लिये न्याय सस्ता, सुलभ होगा। उन्हें 100 किमी दूर जयपुर जाने की जरूरत नहीं होगा। पटेल ने बहरोड़ व नीमराणा के अधिवक्ताओं व आमजन से भी इस उपलब्धि में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि अलवर जाने से अच्छा बहरोड़ व नीमराणा क्षेत्र के परिवादी एवं अधिवक्ता मात्र 20 किमी दूर कोटपूतली आयें तो उनके लिये ज्यादा आसानी होगी। भविष्य में यह हम सभी के लिये लाभदायी सिद्ध होगा। पटेल ने सभी से आपसी टकराव व भेदभाव भुलाकर नवगठित जिले के सर्वांगीण विकास में शामिल होने की अपील की।

## हमले के दो आरोपियों को सजा सुनाई

**कोटा, (निसं)।** युवक पर फायरिंग कर जानलेवा हमले के करीब साढ़े छह साल पुराने मामले में महिला उत्पीड़न क्रम-1 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी शुभम उर्फ देवेन्द्र मेहरा एवं विष्णु शर्मा को दोषी मानते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई। साथ ही 11-11 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में जानकारी के अनुसार 17 अगस्त 2018 को फरियादी इमरान खान ने रामपुरा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि 17 अगस्त 2018 की शाम को जयपुर गोल्डन के पास स्थित चाय की दुकान पर चाय पीने गया था। दुकान के काउंटर के पास खड़ा था, उसी दौरान बाइक से शुभम और उसका साथी आया और आते ही शुभम ने जान से मारने की नियत से देशी पिस्टल से फायर कर दिया।

## एक गिरफ्तार

**कोटपूतली।** एसएचओ राजेश शर्मा ने बताया कि विगत 21 मार्च को थाना पुलिस ने राजस्थान निर्मित अवैध देशी शराब को जप्त किया था। जिसमें अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। विगत दो माह से फरार चल रहे अभियुक्त मदन लाल निवासी नांगल पण्डितपुरा रोड़, कोटपूतली को गिरफ्तार किया गया है।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चतुर्भुज के ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेने आये केन्द्रिय मंत्री भूपेन्द्र यादव को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर ग्रामीणों ने अलवर से कोटपूतली आते समय बानसूर रोड़ पर ग्राम चतुर्भुज में श्री ध्यान जी महाराज तपोस्थली के सामने केन्द्रिय मंत्री यादव का माला पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों को केन्द्रिय मंत्री ने उक्त समस्या के निराकरण का भरोसा दिया। इस दौरान जिला पार्षद प्रतिनिधि अमीचंद धानका, भाजपा नेता दिलीप यादव, हेमराज भरगड़, चंद्रशेखर शर्मा, प्रताप सिंह यादव, गिरिराज भारती, एड. विकास जांगल राजेश यादव, किशन लाल स्वामी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाया जाएगा : कलक्टर

## वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान 5 से 20 जून तक, तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान को लेकर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 5 जून, 2025 से 20 जून, 2025 तक राज्य में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भूजल स्तर बढ़ाने तथा जल संचयन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी।

जिला कलक्टर ने बिंदुवार आयोजित कार्यक्रमों को लेकर विभागों की अब तक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान के अंतर्गत लक्ष्यानुरूप पौधारोपण करने हेतु आवश्यक गड्ढे खोदने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि गड्ढे मानक अनुरूप खोदे जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सरकार की मंशानुरूप आयोजित हो रही गतिविधियों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इसे एक जन आंदोलन बनाने हेतु प्रयास करें।

बैठक में प्लास्टिक उपयोग, वेस्ट मैनेजमेंट, जागरूकता गतिविधियों, साफ-सफाई कार्य सहित अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपखंड स्तर पर भी अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए ताकि अभियान सफल हो सके। उन्होंने कहा कि सीएसआर एवं भामाशाहों के माध्यम से जल संरक्षण के कार्य करवाएं. कार्यक्रमानुसार 4 जून को रन फॉर एन्वायरमेंट का आयोजन बानसूर उपखंड में करने हेतु उपखंड अधिकारी को निर्देशित किया।

जिला कलक्टर ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 5 जून को गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम, वंदे गंगा आमुखीकरण कार्यशाला व सांस्कृतिक संध्या, नर्सरियों का विशेष स्वच्छता कार्यक्रम, तुलसी पौधा वितरण, लवकुश वाटिका पर कार्यक्रम, हरियालो राजस्थान हेतु पूर्व तैयारी, नेचर वाक, विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतियोगिताएं एवं बाल सभा व वंदे गंगा प्रभात फेरी, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, रैली आदि का आयोजन किया जायेगा।

6 जून को जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थानों पर वंदे गंगा जल सेवा व जल परीक्षण अभियान आयोजित किया जायेगा। साफ-सफाई, श्रमदान, वंदे गंगाजल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, पशुओं के लिये साफ पीने के पानी की व्यवस्था एवं पक्षियों के लिये परिंडे बांधना आदि गतिविधियों का आयोजन होगा।

7 जून को जल संरक्षण जन अभियान की गतिविधियों से संबंधित विषय पर विचार विर्मशध्संगोष्ठी का आयोजन, स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जायेगा। 8 जून को वंदे गंगा प्रभात फेरी एवं जागरूकता अभियान रैली, चिन्हित स्थानों पर श्रमदान किया जायेगा। 9 जून को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण द्वारा नवीन अमृत सरोवर का शुभारम्भ, नये जल संग्रहण एवं जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों का शुभारम्भ एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन, पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी, प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी, सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा साफ-सफाई व पौधा रोपण कार्य सहित अन्य कार्य करवाये जायेगे।

जल संबंधी नवीन कार्यो का शुभारम्भ, औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी, चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यों की अग्रिम तैयारी, हरियालो राजस्थान अंतर्गत अन्य पौधारोपण कार्यो की अग्रिम तैयारी व 11 जून को वन विभाग पौधा रोपण हेतु गडढे खोदना, जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, तुलसी के पौधो का वितरण, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान-2.1 अंतर्गत पूर्ण कार्यो का अवलोकन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

# सड़कों को सुचारू रखें ताकि आमजन को परिवहन में बाधा न आये : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मानसून में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए है। उन्होनें कहा कि मानसून पूर्व ही सड़कों को संधारित रखने के लिए की जाने वाली सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली जाये ताकि बरसात के सीजन में परिवहन एवं यातायात व्यवस्था सुचारू एवं निर्बाध रहें। उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मानसून पूर्व की तैयारियो की समीक्षा की।

- **उपमुख्यमंत्री ने मानसून की तैयारियों की समीक्षा की**



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।**

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है कि जिन स्थानों पर पानी जमा होता है वहां कच्ची ड्रेन खोदकर पानी निकासी की व्यवस्था रखें और पानी जमा नही होने दे। इसके साथ ही यदि किसी सड़क मार्ग पर बरसात के कारण कटाव या खड्डे हो गये हो तो उन्हें प्रारम्भिक स्तर ही भरवा दे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्षितठात पुलिया, रपट आदि की मरम्मत के लिए जो स्वीकृतियां जारी हो चुकी है उन कार्यो को जल्दी पूरा करवा ले। उन्होंने कहा है कि यदि बरसात के मौसम में कार्मिकों की लापरवाही से सड़क टूटने और यातायात बाधित होने की शिकायत मिलेगी तो संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है कि अधिकारी सभी पुराने भवनों का निरीक्षण करें और जो भवन जर्जर हो चुके है उन्हें अनुपयोगी घोषित कर तुरंत प्रभाव से खाली करवायें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित अधिकारी तत्काल प्रभाव से कंट्रोल रूम स्थापित करवाकर अति वर्षा व व बाढ जैसी स्थिति से निपटने की सभी आवश्यक तैयारिया पूरी कर ले ।

उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में जितने भी अटल पथ व अन्य सड़के बनायी जाये उनके साथ नाली बनाने का भी प्रावधान रखें ताकि जल भराव के कारण बार बार सड़क टूटने की समस्या से निजात मिल सकें।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है की प्रदेश की सड़क परियोजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए इसी माह से हर सप्ताह संभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। इस बैठक में उस संभाग की सभी सड़क परियोजनाओं, बजट घोषणाओं सहित सभी कामों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी । इस दौरान उन्होंने संभाग वार सड़क परियोजनाओं की प्रगति और मानसून की तैयारियो की समीक्षा की। इस अवसर पर विभाग के एसीएस प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव डी आर मेघवाल, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता सहित पीडब्ल्यूडी एवं एनएचएआई के अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से संभाग एव जिलों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# ''वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान'' में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करें : रावत

## पूरे राज्य में 5 से 20 जून तक ''वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान'' चलेगा : जल संसाधन मंत्री


जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अभियान को लेकर बीकानेर में अधिकारियों की बैठक ली।

- अभियान की तैयारियों को लेकर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बैठक ली

**बीकानेर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि आगामी मानसून में वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण एवं विद्यमान जल स्त्रोतों के रखरखाव एवं स्वच्छता हेतु 5 जून से 20 जून तक पूरे राज्य में चलने वाले ''वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान'' को जन आंदोलन बनाना है। रावत मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में वंदे गंगा, जल संरक्षण अभियान की तैयारियों को लेकर संभाग के चारों जिलों में तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, सुमन छाजेड़, श्याम पंचारिया भी उपस्थित थे।

जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा कि इस अभियान में सबका श्रम, सबकी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कुएं, बावड़ी, तालाब, टांकों और वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर की साफ-सफाई को लेकर जनप्रतिनिधियों के अलावा महिलाओं, युवाओं, किसानों, पत्रकारों, पुलिस, एनसीसी, सिविल डिफेंस, एनजीओ, विभिन्न सामाजिक संगठनों समेत सभी वर्गों को आमंत्रित करना है और इस अभियान से जोड़ना है ताकि हम वर्षा जल का अधिक से अधिक संग्रहण कर सकें। अभियान के प्रचार-प्रसार को लेकर रथ यात्रा, कलश यात्रा, नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी समेत विभिन्न एक्टिविटी करवानी है।

जल संसाधन मंत्री रावत ने कहा कि इस अभियान के तहत सभी खालों की शत प्रतिशत डिसिल्टिंग का कार्य किया जाएगा। खालों की सफाई एक-दो दिन में नहीं हो सकती लिहाजा पूरे अभियान के दौरान ही खालों की सफाई चलेगी। प्रशासन इस प्रकार प्लान तैयार करें कि पटवारी और ग्राम पंचायत को भी इससे जोड़ें और मनरेगा से भी इनकी सफाई करवाना सुनिश्चित करें। रावत ने कहा कि बारिश के दिनों में जिन क्षेत्रों में पानी भरा रहता है उनको चिन्हित कर उनका समाधान भी निकाला जाए। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक गांव में जल संरक्षण को लेकर कोई ना कोई एक्टिविटी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को लेकर कोई पुराना तालाब इत्यादि बना है तो वहां उस तालाब की जानकारी देने वाला बोर्ड भी लगाया जाए।

इससे पूर्व अभियान को लेकर जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता गोविंद सिंह राठौड़ ने विस्तृत जानकारी दी। बैठक में वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जिले में 17 लाख पौधे वितरित किए जाएंगे और 13 लाख पौधे वन विभाग के द्वारा लगाए जाएंगे। बीकानेर संभाग स्तर पर यह आंकड़ा 59 लाख पौधे आमजन को वितरित करने और 22 लाख पौधे वन विभाग द्वारा लगाने का है। जल संसाधन मंत्री ने सभी पौधों की जिओ टैगिंग करवाने, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करवाने और हर छह महीने बाद उनकी जानकारी लेने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर राकेश कुमार, अतिरिक्त चीफ इंजीनियर मनोज मांझू, भूपेन्द्र सिंह यादव, एसई सुनील कटारिया समेत विभिन्न संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजलदेसर कस्बे में बारिश होने से कई जगह पानी भरा


राजलदेसर कस्बे में हुई बरसात से कई जगह पर जलभराव हो गया।

- मानसून पूर्व तेज बरसात ने नगर पालिका प्रशासन की पोल खोली

राजलदेसर, (निसं)। राजलदेसर कस्बे के अंदर चार रोज पहले आई बारिश के पानी की अभी तक निकासी नहीं हुई फिर से मंगलवार प्रात: 6 बजे से लेकर 8 बजे तक 2 घंटे तक तेज बारिश होने के कारण कई जगह पानी भर गया। मानसून पूर्व तेज बरसात ने नगर पालिका प्रशासन की पोल खोल दी।

राजलदेसर कस्बे के मुख्य मार्ग सुभाष चौक, गांधी चौक, हॉस्पिटल रोड, फ्रेंड्स सोसायटी मार्ग, महेंद्र मुनी मार्ग, मुरलाई बास, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर मार्ग, अंजनी माता मंदिर मार्ग, रेलवे फाटक के पास आदि जगह पर बरसाती पानी ही पानी नजर आ रहा था। वहीं पानी की निकासी कई जगह पर नहीं होने के कारण मोहल्लेवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, नौ दुपहिया वाहन बरामद

## पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है



प्रतापनगर थाना पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की प्रतापनगर थाना पुलिस ने बढ़ती वाहन चोरी का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के पास से करीब नौ दुपहिया वाहन भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपी से गहनता से पुछताछ कर रही है जिसमें ओर भी खुलासों की संभावना है।

प्रतापनगर थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया ने बताया कि संजय कॉलोनी निवासी प्रहलादराय गठयानी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि टेक्सटाइल मार्केट से उसकी एक्टिवा अज्ञात चोर चुरा ले गया। इस पर एक टीम का गठन किया गया, जिसने सीसीटीवी फुटेज और भरसक प्रयास करके आरोपी रेण नन्दराय निवासी राधेश्याम बैरवा को गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर दो एक्टिवा सहित नौ दुपहिया वाहन बरामद किए।

# जेवर चुराने वाले आरोपी सहित माल खरीदने वाला भी गिरफ्तार

## 12 मार्च को पीड़ित ने जोबनेर थाने में रिपोर्ट दी थी

**सांभरझील,** (निसं)। जोबनेर थाना अधिकारी सुहेल खान ने आभूषण चुराने वाले आरोपी सहित चोरी का माल खरीदने वाले स्वर्णकार को भी गिरफ्तार कर उनसे खरीदे गये माल की कीमत के आधार पर उतनी नगदी बरामद की, क्योंकि उसने खरीदे गए सभी आभूषणों को गला दिया था। पुलिस मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

बताया गया कि 12 मार्च को पीड़ित की ओर से जोबनेर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी, जिसमें बताया गया था कि कुमावतों की ढाणी, बेनिया का बास, हिंगोनिया में मेरे घर पर सोने का सामान हार, टीका, नथ, टोपिस, मंगलसूत्र, जोल्या, कांटा, पायजेब, कमरबंद, चूड़ा, ब्रासलेट, अंगूठी कोई चुरा कर ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

जानकारी के अनुसार प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु पुलिस गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा चोरी की वारदात करने वाले आरोपी रामावतार कुमावत उर्फ रामू निवासी बाघावास थाना रेनवाल जिला जयपुर को को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

आरोपी ने सोने के आभूषण चुराने की बात कबूल की तथा चोरी किया गया माल किशनलाल सोनी निवासी बागावास थाना रेनवाल को बेच दिए जाने की बात बताई। इस पर पुलिस टीम द्वारा चोरी किये गये सोने के आभूषण खरीदने वाले आरोपी किशनलाल सोनी को डिटेन कर पूछताछ की तो चोरी का माल खरीदना स्वीकार किया तथा उक्त आभूषणों को गला देना बताया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से सोने के आभूषणों की कीमत के 1 लाख 40 हजार रूपये है।

थाना अधिकारी सुहेल खान ने बताया कि आरोपी से आगामी अनुसंधान हेतु न्यायालय से पुलिस कस्टडी में लिया गया है।

# आईआईटीज में 420 सीटें बढ़ाई

- देश की कुछ आईआईटीज में सीटें घटाई गई है

**कोटा,** (निसं)। जेईई-एडवांस्ड का रिजल्ट जारी होने के बाद अब काउंसलिंग प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। इस काउंसलिंग के माध्यम से देश की 23 आईआईटीज, 31 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी, 47 जीएफटीआई में एडमिशन होंगे। इसके साथ ही आईआईटीज की सीट मैट्रिक्स भी जारी हो गई। काउंसलिंग के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या के अनुसार इस वर्ष देश की 23 आईआईटीज में 420 सीटें बढ़ी है। गत वर्ष तक आईआईटीज में 17740 सीटें होती थीं जो कि बढ़कर 18160 हो गई है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि आईआईटी खड़गपुर में अब 1899 से बढ़कर 1919 यानी 20 सीटें बढ़ाई गई हैं। आईआईटी दिल्ली में 1209 से 1239 सीटें हो गई हैं, यहां 30 सीटें बढ़ी हैं। वहीं आईएसएम धनबाद में 85 सीटें बढ़ी हैं, 1125 से से अब 1210 सीटें हो गई है। आईआईटी जोधपुर में 600 से 610 सीटें हो गई हैं, आईआईटी हैदराबाद में 595 से 630 सीट्स हो गई है। यहां 35 सीट्स बढ़ाई गई है। सबसे अधिक आईआईटी रोपड़ में 216 सीटें बढ़ी हैं। आईआईटी भिलाई में 46 सीटें बढ़ी है। आईआईटी जम्मू में 280 से 25 सीट्स बढ़कर 305 हो गई है। वहीं आईआईटी गोवा में 157 से बढ़ कर 165 सीट्स हो गई है। इसी तरह देश की कुछ आईआईटीज में सीटें घटाई गई है, जिसमें आईआईटी मुम्बई में 8, मद्रास में 7, गांधीनगर में 40 सीटें घटी है।

# लोको पायलट ने आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी थाना इलाके में रेलवे में लोको पायलट के पद पर कार्यरत रेलवे कर्मचारी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मामले में सामने आया कि लॉको पायलट अजय गुप्ता (52) ने अपनी पत्नी को कमरे में बंद कर दूसरे कमरे में जाकर सुसाइड कर लिया। पत्नी के चिल्लाने के शोर सुनकर पड़ौसी घर में आये और गेट खोलकर फांसी के फंदे पर लटके लोको पायलट को नीचे उतारकर उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि विधा विहार कॉलोनी निवासी रेलवे में लॉको पायलट के पद पर कार्यरत अजय गुप्ता ने सोमवार शाम को जब घर में पति-पत्नी थे उस समय कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध बजरी खनन व परिवहन मामले में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

- दो लोडरों को चालक भगा ले गए एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक फरार हुये

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ अभियान के तहत सवाई माधोपुर जिले की बौंली पुलिस ने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की है एवं दो लोडरों को उनके चालक भगाकर ले गए एवं ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक भी फरार हो गये जिन्हें नामजद करते हुए बौंली पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

बौंली पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि थाना प्रभारी राधा रमन गुप्ता को सूचना मिली कि हथडोली व सहरावता के पास बनास नदी में रोजाना शाम होते ही पुलिस की रैकी करते हुए कुछ लोग लोडरों से ट्रैक्टर ट्रॉलियों को भरकर अवैध बजरी खनन व परिवहन करते हैं जो आज भी नदी में लोडरों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को भरा जा रहा है। सूचना पाकर थाना प्रभारी के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस-वे सहित तीन अलग-अलग टीमों का चयन कर हथडोली व सहरावता नदी के तीनों तरफ से घेराबंदी की गई एवं एक टीम द्वारा दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे के नीचे रस्सीयों की सहायता से उतरकर बनास नदी में दबिश दी। मौके पर लोडर अवैध बजरी खनन कर सात-आठ ट्रैक्टर ट्रॉलियां में बजरी भर रहे थे जो पुलिस टीम को देखकर इधर-उधर भागने लगे। पुलिस टीमों द्वारा नदी से एक दो किलोमीटर तक लगातार पीछा करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जप्त किया, जिसके चालक मौके से फरार हो गए एवं दो लोडरों को उनके चालक नदी में होते हुए भगाकर ले गए, लोडरो के बारे में जानकारी करने पर एक लोडर जगदीश मीणा निवासी सहरावता व दूसरा कमल मीणा निवासी सहरावता का होना सामने आया है। बौंली पुलिस थाने में सभी ट्रैक्टर ट्रॉलियों, लोडरों व चालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया जाकर चालकों की तलाश जारी है।

# अजमेर में ख्वाजा साहब की महाना छठी मनाई

अजमेर, (कासं)। इस्लामी केलेण्डर का आखरी महीना 6 जिल् हिज्ज को दरगाह में हजरत ख्वाजा सैयद मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के आहता ए नूर में महाना छठी शरीफ मनाई, जिसमें सैकड़ों अकीदतमंद शामिल हुए।

महाना छठी शरीफ से पहले खादिम समुदाय के दो नोजवान डॉ. सैयद रागिब चिश्ती व डॉ. सैयद मज़ाहिर हुसैन चिश्ती ने विधि में पीएचडी की उनकी अंजुमन सैयदजादगान के अध्यक्ष अलहाज सैयद गुलाम किबरिया ने हौंसला अफज़ाई करते हुए उनकी दस्तारबंदी और शॉल ओढ़ाया गया। इस मौके पर अंजुमन सैयदजादगान खुद्दाम ए ख्वाजा के अध्यक्ष सैयद गुलाम किबरिया साहब ने कहा कि हर नौजवान इल्म हासिल करें और अपने समाज व भारत का नाम रोशन करें। इस प्रोग्राम में सैयद गफ्फार हुसैन काज़मी, हाजी सैयद एहतेशाम अहमद चिश्ती, अंजुमन सदस्य और सैयद मोहम्मद जहूर बाबा, हाजी सैयद मोहम्मद मुसव्विर चिश्ती सहित खुद्दामे ख्वाजा मौजूद रहे।

# लूट की वारदात का खुलासा, आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया


पुलिस ने लूट की वारदात का 24 घण्टे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

- वारदात में प्रयुक्त कार, मिर्ची पाउडर, चाकू, तलवार व फर्जी नम्बर प्लेट जब्त की
- आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है पुलिस

**ब्यावर,** (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारी वृत्त मसूदा के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना बदनौर मय टीम ने थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का 24 घण्टे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लूट का सम्पूर्ण माल मय घटना में प्रयुक्त वाहन कार, मिर्ची पाउडर, चाकू, तलवार व फर्जी नम्बर प्लेट जब्त की है।

जानकारी के अनुसार एक जून को प्रार्थी रमेश सिंह रावत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 31मई को सांय करीब सात बजे वो अपनी दुकान से निवृत होकर मोटरसाइकिल पर वापस अपने घर जा रहा था। मेरे पास बैग के अन्दर करीब तीन किलो चांदी के आभूषण व करीब एक लाख रूपये रोकड थे। सबल सागर के पास चम्बल परियोजना के प्लांट के पास रास्ते में एक सफेद रंग की कार में 2-3 अज्ञात व्यक्ति आये और मेरी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया और तलवार लेकर मुझे डराया धमकाया और आभुषणों व रूपयों से भरा बैग लूटकर ले गये।

प्रकरण दर्ज कर घटना की गम्भीरता को देखते हुए प्रकरण दर्ज कर थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाकर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही हुए दो संदिग्ध व्यक्तियों को मय कार के डिटेन किया गया। पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने उक्त वारदात को करना स्वीकार करने पर हीरा सिंह उर्फ बंटी पुत्र लक्ष्मण सिंह रावत, निवासी गालिया, थाना जवाजा, कैलाश सिंह पुत्र नारायण सिंह, रावत निवासी नन्दावट थाना भीम को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ व जांच जारी है।

# संस्था प्रधान एवं शिक्षकों के लिए परीक्षा परिणाम संबंधी मानदंड निर्धारित

- माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने नया परिपत्र जारी किया

**बीकानेर,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा परीक्षा परिणाम की समीक्षा के मानदंड के संबंध मे नया परिपत्र जारी किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि पूर्व में 18 अप्रैल 2016 के परिपत्र द्वारा परीक्षा परिणाम की समीक्षा के मानदंड संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। उक्त परिपत्र के अतिक्रमण में नए प्रावधान एवं आवश्यकताओं को सम्मिलित कर अद्यतन करते हुए उच्च माध्यमिक, उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालयों के संस्थान प्रधानों एवं शिक्षकों के लिए शैक्षिक सत्र 2024-25 से प्रभावी होने वाले मानदण्डों के संबंध में गत 27 मई को नया परिपत्र प्रसारित किया गया है। इसमें संस्था प्रधान और शिक्षकों के लिए विभिन्न मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

मोदी ने बताया कि विद्यालय का कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक तथा कक्षा 5वीं और 8वीं में 90 प्रतिशत या इससे अधिक विद्यार्थियों द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त करने पर संस्था प्रधान को विभाग द्वारा श्रेष्ठ विद्यालय का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। श्रेष्ठ परिणाम के लिए न्यूनतम दस विद्यार्थियों का नामांकन होने पर ही विचार किया जाएगा। यदि विद्यालय में किसी भी एक परीक्षा (कक्षा पांच, आठ, दस और बारह) में परिणाम मानदण्ड से न्यून रहता है, तो संस्था प्रधान को प्रमाण पत्र नहीं किया जाएगा।

शिक्षा निदेशक ने बताया कि विद्यालय का कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत अथवा न्यून एवं 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत अथवा उससे न्यून रहने तथा कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम में 50 प्रतिशत या अधिक विद्यार्थियों द्वारा 'ई' ग्रेड प्राप्त करने पर संस्था प्रधान के परीक्षा परिणाम को न्यून माना जाएगा। संस्था प्रधान के रूप में गत पांच वर्ष में (आलोच्य वर्ष सहित) परीक्षा परिणाम एक बार मानदंड से न्यून रहने पर लिखित चेतावनी दी जाएगी तथा स्थान परिवर्तन किया जा सकेगा। आलोच्य वर्ष सहित लगातार दो वर्ष अथवा गत पांच वर्ष में से किन्हीं 3 वर्ष का परीक्षा परिणाम मानदंड से न्यून रहने पर सीसीए नियम-17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

मोदी ने बताया कि शिक्षक का कक्षा 12वीं एवं 10वीं में अध्यापन करवाए गए विषय का बोर्ड परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक रहने तथा कक्षा 5वीं और 8वीं में अध्यापन करवाए गए विषय का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत या अधिक विद्यार्थियों द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त करने पर संबंधित शिक्षक को विभाग द्वारा श्रेष्ठ परिणाम का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। श्रेष्ठ परिणाम के लिए न्यूनतम दस विद्यार्थियों का नामांकन होने पर ही विचार किया जाएगा। यदि विद्यालय में किसी भी एक परीक्षा (कक्षा पांच, आठ, दस और बारह) में परिणाम मानदंड से न्यून रहता है तो शिक्षक को परीक्षा परिणाम के लिए प्रणाम पत्र नहीं दिया जाएगा। इसी प्रकार शिक्षक का कक्षा 12वीं में अध्यापन करवाए गए विषय का बोर्ड परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत अथवा न्यून एवं कक्षा 10वीं में अध्यापन करवाए गए विषय का बोर्ड परिणाम 60 प्रतिशत अथवा न्यून रहने पर एवं कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं में अध्यापक (लेवल-प्रथम अथवा लेवल-द्वितीय जो निर्धारित हो) के कक्षा/विषय के परीक्षा परिणाम में 40 प्रतिशत अथवा अधिक विद्यार्थियों द्वारा 'ई' ग्रेड प्राप्त करने पर संबंधित शिक्षक के परीक्षा परिणाम को न्यून माना जाएगा।

मोदी ने बताया कि शिक्षक के रूप में गत पांच वर्षो (आलोच्य वर्ष सहित) में परीक्षा परिणाम एक बार मानदंड से न्यून रहने पर लिखित चेतावनी दी जाएगी तथा स्थान परिवर्तन किया जा सकेगा। आलोच्य वर्ष सहित लगातार दो वर्षो अथवा गत पांच में से कोई 3 वर्ष का परीक्षा परिणाम मानदंड से न्यून रहने पर सीसीए नियम-17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

# दिनदहाड़े महिला को झांसा देकर जेवरात ले भागे बदमाश


ठगी की शिकार हुई पीड़ित महिला।

**अजमेर,** (कासं)। शहर में सक्रिय शातिर ठग गिरोह ने आदर्श नगर थाना क्षेत्र में महिला के डेढ़ तोला गहने उतरवाने का मामला सामने आया है। दो शातिर ठगों ने महिला को बातों में उलझाया और वारदात अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने आदर्श नगर थाने में इसकी शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आदर्श नगर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पालरा निवासी मदीना पत्नी शरीफ ने थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता शरीफ ने बताया कि वह घर से मजदूरी पर जा रही थी। आदर्श नगर पुलिया के नीचे दो बदमाश पीछे पड़ गए। एक ने दूसरे का भूखा होने और उसे खाना खिलाने को लेकर बातों में उलझाने लग गया। इस बीच बदमाशों ने उसे एक बंडल में पैसे होने का झांसा भी दिया। बाद में दोनों बदमाश महिला को मंदिर के बाहर बेसुध कर डेढ़ तोला गहने उतरवा लिए और हाथों में कागज का बंडल पकड़वा दिया।

महिला ने बताया कि बार-बार अपने साथी को भूखा बताकर रोटी खिलाने की बात पर झांसा देते रहे। महिला ने बताया कि उसने 26 साल से मजदूरी कर अपने बच्चों को पाल रही है। इसकी शिकायत उन्होंने आदर्श नगर थाने में दी है। आदर्श नगर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया है।



रेड कैप क्योंकि अगर रेड कैप खेलने को नहीं मिलता तो ऑरेंज कैप कैसे मिलता। रेड कैप सबसे इम्पॉर्टेंट है लेकिन अगर आपके टीम में ऑरेंज और पर्पल कैप भी आ रहा है तो इसका मतलब है कि आप अच्छा खेल रहे हो। वो मॉटिवेशन है न कि सिर्फ कैप। - **विराट कोहली**

**आरसीबी के बल्लेबाज, नन्हें फैंस के सवालों का जवाब देते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नीरज चोपड़ा



भारत और पाकिस्तान के विवाद के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगा। आयोजकों ने मंगलवार को ये घोषणा की। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले ये प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** आरसीबी ने गजब का प्रदर्शन करते हुए 17 साल का इंतजार खत्म किया और पहली बार आईपीएल चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया।

## विराट कोहली ने शिखर धवन का बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त किया

अहमदाबाद, 3 जून। आरसीबी चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2025 फाइनल मुकाबले में विराट कोहली ने इतिहास रच दिया है। कोहली ने इस मुकाबले में 35



गेंदों में 43 रनों की पारी खेली। हालांकि, कोहली ने अपनी इस पारी के दम पर एक बड़ा रिकॉर्ड आईपीएल के इतिहास में अपने नाम किया जिसमें उन्होंने शिखर धवन को पछाड़ दिया है। विराट कोहली अब आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा चौके लगाने के मामले में पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ फाइनल मैच में अपनी 43 रनों की पारी के दौरान कुल तीन चौके लगाए। इसी के साथ अब कोहली के नाम पर आईपीएल इतिहास में कुल 771 चौके दर्ज हो गए हैं। कोहली से पहले नंबर-1 की पोजीशन पर काबिज शिखर धवन के नाम पर आईपीएल इतिहास में कुल 768 चौके लगाने का रिकॉर्ड दर्ज था। कोहली ने आईपीएल करियर में अपने 267वें मुकाबले में इस मुकाम को हासिल किया है। वहीं आईपीएल इतिहास में एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली ने अपना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कोहली ने चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के खिलाफ आईपीएल में कुल 1146 रन बनाए थे उन्होंने अब इस आंकड़े को पीछे छोड़ने के साथ पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल में कुल 1159 रन बना दिए हैं।

# पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीता आईपीएल 2025 का खिताब

अहमदाबाद, 3 जून। शशांक सिंह की 30 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से खेली गई (नाबाद 61) रनों की साहसिक पारी गई बेकार, पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले विराट कोहली (43), कप्तान रजत पाटीदार (26), जितेश शर्मा (24), मयंक अठावाल (24) और लियम लिविंगस्टन (25) रनों की पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने नौ विकेट पर 190 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके बाद क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार (दो-दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को रोमांचक मुकाबले में छह रनों से मात दी।

191 रनों की खिताबी चुनौती को पार करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। पांचवें ओवर में जॉश हेलवुड ने प्रियांश आर्य 19 गेंदों में (24) रन का बांउड्री पर फिल साल्ट ने मैच का बेहतरीन कैच पकड़ कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु को पहली सफलता दिलाई। नौवें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने प्रभसिमरन सिंह 22 गेंदों में (26) को आउटकर पंजाब को दूसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान श्रेयस अय्यर (एक) को रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर विकेटकीपर जितेश ने लपका। क्रुणाल पंड्या ने 13वें ओवर में जॉश इंग्लिस को आउटकर पंजाब को बड़ा झटका दिया। जॉश इंग्लिस ने 23 गेंदों में चार



छक्के और एक चौका लगाते हुए (39) रनों की पारी खेली। 17वें ओवर भुवनेश्वर कुमार ने नेहाल बढ़ेरा (15) और इसी ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (छह) को आउट कर पंजाब को दोहरा झटका दिया।

18वें ओवर में यश दयाल ने अजमतउल्लाह ओमरजई (एक) को आउट कर बेंगलुरु को सातवीं सफलता दिलाई। पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 184 रन ही बना सकी और छह रन से खिताबी मुकाबला हार गई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पंड्या ने दो- दो विकेट लिये। जॉश इंग्लिस, यश दयाल और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां पंजाब किंग्स के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट (16) का विकेट गवां दिया। उन्हें काइल जेमीसन ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मयंक अठावाल भी विराट कोहली का अधिक देर तक साथ नहीं दे सके और 18 गेंदों में 24 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान रजत पाटीदार ने दो छक्के एक चौका लगाते हुए (26) रन बनाये। उन्हें काइल जेमीसन ने पगबाधा आउट किया। अपने अर्ध शतक की ओर बढ़ रहे विराट कोहली को 15वें ओवर में अजमतउल्लाह ओमरजई ने अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया।

विराट कोहली ने 35 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। लियम लिविंगस्टन 15 गेंदों में (25) रन को भी काइल जेमीसन ने आउट किया। जितेश शर्मा ने 10 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (24) रन बनाये। उन्हें 18वें ओवर में विजयकुमार वैशक ने बोल्ड आउट किया। रोमारियो शेफर्ड नौ गेंदों (17)रन बनाये और उन्हें 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने पगबाधा आउट किया। अर्शदीप सिंह ने इसी ओवर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तीन विकेट झटकर उसने 200 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंचने दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। अर्शदीप सिंह और काइल जेमीसन ने तीन-तीन विकेट लिये। विजयकुमार वैशक अजमतउल्लाह ओमरजई, यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## आरसीबी की जीत के लिए फैंक ने किया पूजा-हवन, कार में लपेट दी नींबू-मिर्च

अहमदाबाद, 3 जून। आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला आरसीबी और पंजाब किंग्स के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। ये मुकाबला इसलिए भी खास है क्योंकि दोनों ही टीमें आज तक आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीत सकी हैं। इस बार दोनों ही टीमें अपना पहला खिताब हासिल करने के लिए जी जान लगा रहे हैं। वहीं इस मुकाबले से पहले आरसीबी के फैंस अपनी टीम की जीत के लिए पूजा पाठ और हवन जैसी चीजें कर रहे हैं। आरसीबी की फैन फॉलोइंग हमेशा से अलग रही है। इस बार भी फैंस अपनी टीम को सपोर्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो की बाढ़ सी आ गई है। जिसमें लोग मंदिरों में प्रार्थना करते हवन करते और यहां तक कि अपनी गाड़ियों में नींबू-मिर्च से सजाते नजर आ रहे हैं जिससे उनकी प्यारी टीम को नजर न लगे।

## नॉर्वे चेस में अर्जुन को हराकर नंबर-2 पर आए गुकेश

### टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत

स्टवान्गर (नार्वे), 3 जून। वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने 7वें दौरे में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हराया। 19 साल के गुकेश ने अर्जुन को पहली बार क्लासिकल चेज में हराया है। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले राउंड में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था। संघर्षपूर्ण मुकाबले में मिली इस जीत से गुकेश ने एरिगैसी से दूसरे राउंड में मिली हार का बदला चुकता भी किया।

गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर टॉप पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। हार से 5वें नंबर पर आए एरिगैसी गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ 5वें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं।

महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।हार से 5वें नंबर पर आए एरिगैसी गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ 5वें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं।

## शंकर महादेवन ने गाया- मैं रहूं ना रहूं, भारत रहना चाहिए

अहमदाबाद, 3 जून। फाइनल से पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्लोजिंग सेरेमनी हुई। इसकी थीम ऑपरेशन सिंदूर थी। सेरेमनी में एयर-शो किया गया। इस दौरान एयरफोर्स ने तिरंगा फॉर्मेशन बनाया। बड़ी स्क्रीन पर सेना के पराक्रम का वीडियो भी दिखाया गया। क्लोजिंग सेरेमनी में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन ने अपने बेटे सिद्धार्थ और शिवम महादेवन के साथ परफॉर्मेंस दी। उन्होंने मैं रहूं ना रहूं, भारत रहना चाहिए..., ऐ वतन वतन मेरे आबाद रहे तू और सबसे आगे हिंदुस्तानी जैसे गाने गाए। इससे पहले कलाकारों ने बी प्राक के गाने तेरी मिट्टी पर डांस किया। स्टेडियम में एक लाख से ज्यादा दर्शक मौजूद रहे।

## ट्रैफिक जाम के कारण साईकिल से स्टेडियम तक पहुंचे इंग्लैंड के खिलाड़ी

अहमदाबाद, 3 जून। क्रिकेट इतिहास में ऐसा कुछ हुआ जिसे देखकर हर कोई हैरान है। दरअसल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीनों मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 3 जून को लंदन के द ओवल मैदान पर खेला गया। इस मुकाबले के लिए टॉस में 40 मिनट की देरी हुई। जिसका कारण ट्रैफिक जाम था।

टॉस में देरी की वजह गीली आउटफील्ड या बारिश नहीं थी, बल्कि ट्रैफिक जाम रहा। बता दें कि, लंदन के ट्रैफिक में वेस्टइंडीज की टीम फंस गई और वह टॉस से पहले स्टेडियम में नहीं पहुंची। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी टेम्स नदी के उत्तर इलाके में हैवी ट्रैफिक में फंसे थे। जमा से बचने के लिए इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ियों ने साइकिल का सहारा लिया और वो समय पहले स्टेडियम में पहुंच चुके थे। हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, जोस, मैथ्यू पॉट्स जैसे खिलाड़ियों ने अपनी टीम बस छोड़ दी और स्टेडियम तक पहुंचने के लिए लाइम साइकिल का इस्तेमाल किया इंग्लैंड की टीम ने पहले दो मुकाबले जीतकर



सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त ले ली थी। सीरीज का पहला मुकाबला 29 मई को बर्मिंघम में खेला गया था। जिसमें मेजबान टीम ने 238 रनों से जीत हासिल की फिर 1 जून को लीड्स में आयोजित दूसरे वनडे में इंग्लैंड ने तीन विकेट से बाजी मारी।

## पी.वी. सिंधू इंडोनेशिया ओपन के दूसरे दौर में

### इंडोनेशिया ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट

जकार्ता, 3 जून। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये महिला एकल मुकाबले में सिंधु ने अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। एक घंटे 19 मिनट तक चला बेहद रोमाचक मुकाबले में सिंधु ने ओकुहारा को शिकस्त दी। वही पुरुष वर्ग एकल मैच में भारत के लक्ष्य सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार गये। भारत की मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज अपने-अपने मुकाबले हारकर बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

## भारत के कारण क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में वापसी हुई : सुनक

नई दिल्ली, 3 जून। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, "यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से।"

क्रिकेट के मुरीद सुनक ने पिछले कुछ वर्षों में आईपीएल से आये बदलावों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, "आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। मुझे लगता



है कि कोई भी क्रिकेटर चाहे कहीं का भी हो, वो अपने करियर के किसी भी पड़ाव मेंआईपीएल में खेलना चाहता है। महिलाओं के क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं।"

उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर की बात करते हुए जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, "इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था। जैकब बेथेल ने शानदार पारी खेली।

## खेल प्रशासक स्व. हनुमान सिंह की 20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

जयपुर, 3 जून। राज्य कर्मचारियों की दमदार आवाज़ रहे लोकप्रिय कर्मचारी नेता एवं उत्कृष्ट खेल प्रशासक स्व. हनुमान सिंह खंगारोत की 20वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन यूथ हॉस्टल, जयपुर में मंगलवार सुबह 9 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किया गया।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के संरक्षक डा. तेजराज सिंह खंगारोत व प्रदेशाध्यक्ष यश प्रताप सिंह ने बताया कि श्रदांजलि देने वालों में श्री राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई, सचिव-राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद राजेंद्र सिंह सिसोदिया, पदमश्री, ओलंपियन एथलीट श्रीराम सिंह शेखावत, श्महाराणा प्रताप अवार्डी सुरभि मिश्रा, राजपूत सभा के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, महामंत्री धीर सिंह शेखावत, राजस्थान कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय पूनिया, समाजसेवी नरेंद्र सिंह राजावत, जयभरत राठौड़, उम्मेद सिंह, खंगारोत, पूर्व क्रिकेटर कुलदीप मिश्रा, राज्य तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास, राज्य बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष मनोज दासोत, वितीय सलाहकार महावीर मीणा, डीसीसी, जयपुर के



महासचिव विनयपाल सिंह जादौन, खेल प्रबंधक रणविजय सिंह चंपावत, अनिरुद्ध जगधारी, कर्मचारी नेता राजकुमार कायथ, महेंद्र सिंह शेखावत, महेश सैनी, सुब्रत सेन, अशोक कुमार शर्मा सहित महासंघ (एकीकृत) से संबंधित सभी संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा राज. जन स्वा. अभि. विभाग तकनीकी कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारियों, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारीयों के साथ-साथ विभिन्न खेलों के अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाडिय़ों के अलावा स्व. हनुमान सिंह जी के मित्रगणों आदि ने श्रदांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में श्रदांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राज्य कर्मचारियों ने अपने प्रिय नेता को श्रदांजलि अर्पित की। यश प्रताप सिंह ने बताया कि स्व. हनुमान सिंह जी की जयंती (28 अगस्त) तक विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जयपुर सहित अन्य जिलों में किया जायेगा, इसमें मुख्यत: पक्षियों के लिये परिंदे बांधना, राज्य कर्मचारियों के लिये मेडिकल कैंप व नशामुक्ति शिविर तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम आदि प्रमुख हैं।

## डॉ. आदित्य नाग बने भारतीय सॉफ्ट हॉकी लीग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कर्नाटक राज्य प्रभारी

जयपुर, 3 मई। डॉ. आदित्य नाग जयपुर, राजस्थान को भारतीय सॉफ्ट हॉकी लीग का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कर्नाटक राज्य प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अमैच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा की गई है। यह जानकारी अमैच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष पंत ने दी। नियुक्ति पत्र आज डॉ. नाग के जयपुर स्थित आवास पर अमैच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया



महासचिव रमेश सिंह एवं उपाध्यक्ष जी. एस. राठौर द्वारा सौंपा गया। डॉ. आदित्य नाग एक अनुभवी शिक्षाविद्, उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों से कई महत्वपूर्ण भूमिकाओं में जुड़े रहे हैं। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपना करियर प्रारंभ किया, फिर एक प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान की स्थापना की, कॉलेज और निजी विश्वविद्यालयों से जुड़कर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। इसके साथ ही वे हॉस्पिटालिटी उद्योग में भी 15 वर्षों से अधिक समय से सक्रिय हैं।

डॉ. नाग को उनके समर्पण और सेवा कार्यों के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सॉफ्ट हॉकी, एक नया भारतीय खेल है जिसकी शुरुआत वर्ष 2019 में श्री रमेश सिंह द्वारा की गई थी। यह खेल आज भारत के साथ-साथ भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड सहित कई देशों में लोकप्रियता हासिल कर रहा है और निकट भविष्य में इसका अंतरराष्ट्रीय फैन बेस तेज़ी से बढ़ने की उम्मीद है। डॉ. आदित्य नाग, भारतीय सॉफ्ट हॉकी लीग के उपाध्यक्ष के रूप में अब नीतिगत निर्णयों, योजनाओं के निर्माण, प्रायोजकों से साझेदारी, तकनीकी क्रियान्वयन एवं लीग के विस्तार कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, विशेष रूप से कर्नाटक राज्य में।

**सभी टीमों के खिलाड़ियों, कोच की बैंक डिटेल्स आरसीए कार्यालय में जमा करानी होगी**

## राज्य के युवा खिलाड़ियों के हित में आरसीए लेगी सभी निर्णय : बिहाणी

जयपुर, 3 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी राज्य के युवा खिलाड़ियों के हित में न केवल सभी निर्णय लेगी साथ ही जिले व राज्य प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाडियों की सभी समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान कर खिलाडियों को हर स्तर पर मदद करने के आरसीए कार्यालय को निर्देश दिए गए हैं।

बिहाणी ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं सहित अन्य खेल गतिविधियों मैं भाग लेने वाले खिलाडियों को असुविधा ना हो इसलिए आरसीए ने खिलाडियों के रजिस्ट्रेशन के



समय ही उनके बैंक खाते की डिटेल्स डालना अनिवार्य कर दिया है साथ ही जिला क्रिकेट संघो से भी आयु वर्ग की टीमों के खिलाडियों की बैंक डिटेल्स प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। आरसीए पर्यवेक्षक सभी प्रतियोगिता की सभी टीमों के खिलाडियों, कोच की बैंक डिटेल्स आरसीए कार्यालय में जमा कराएँगे। आरसीए कार्यालय कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि प्रतियोगिता व खेल गतिविधियों में भाग ले रहे टीम खिलाडियों एवं कोचों की बैंक डिटेल्स प्राप्त कर अतिशीघ्र उनकी फ़ीस ऑनलाइन उनके बैंक खातों में ट्रांसफर करा दे जिससे खिलाडियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

## रुद्रांश, संजीवन और आमिर की टीम ने डब्ल्यूएसपीएस विश्वकप में जीता रजत पदक

चांगवोन (दक्षिण कोरिया), 3 जून। विश्व निशानेबाजी पैरा स्पोर्ट्स विश्वकप 2025 के चौथे दिन मंगलवार को स्टैंडर्ड एयर पिस्टल स्पर्धा में रुद्रांश खंडेलवाल, संजीव गिरी और आमिर अहमद भट की टीम ने रजत पदक जीता। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वहीं व्यक्तिगत श्रेणी के मुकाबले में रुद्रांश खंडेलवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि कल 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रुद्रांश खंडेलवाल और महिला वर्ग में सुमेधा पाठक ने स्वर्ण पदक जीते थे।

## प्ले स्पोर्ट्स खेल कराटे चैम्पियंस ट्रॉफी सीजन-2 की विजेता बनी अलवर की टीम

जयपुर, 3 जून। बच्चों में डिसिप्लिन, आत्मविश्वास और फिजिकल फिटनेस के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्ले स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्ले स्पोर्ट्स खेल कराटे चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-2 का आयोजन 01 और 02 जून को जयपुर के रामबाग सर्किल स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें देशभर से सैकड़ों युवा कराटे खिलाड़ी मैदान में उतरे। संस्थापक धनंजय त्यागी और प्ले स्पोर्ट्स स्कूल गेम्स के सीईओ शुभम चौधरी ने बताया कि यह ट्रॉफी देश के कोने-कोने से आए 500 प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने की दिशा में एक बड़ा प्रयास था। प्रतियोगिता में अंडर-6 से लेकर अंडर-19 आयु वर्ग तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्ले स्पोर्ट्स का उद्देश्य ग्रासरूट स्तर से खिलाड़ियों की पहचान करना और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करना है। संस्था के प्रेसिडेंट, आकाश सिंह और सेक्रेटरी मोहित शर्मा ने बताया कि विनर्स गोल्ड ट्रॉफी - नॉलेज सिटी स्कूल, अलवर; सिल्वर ट्रॉफी - आर वी अकादमी, मध्यप्रदेश; ब्रॉन्ज ट्रॉफी - इंडियन मार्शल आर्ट अकैडमी स्कूल।



बेस्ट कोच अवॉर्ड दीपक सैनी, पवन शर्मा, करण सिंह, सोनू टांक और मोहन गुप्ता को दिया गया। बेस्ट टीम अवार्ड कैम्ब्रिज कोर्ट स्कूल, भरत अकादमी, जोधपुर और केकड़ी टीम को और वहीं, चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब लक्की गवाली, यथार्थ नरुका, कुशल, गौरांश, प्रेम शाही, लखन, पल्लवी शर्मा, एंजेल धाकड़, महल ख़ान, निर्जला यादव और दीक्षा को मिला।

# ‘जो शिलान्यास हमारे कार्यकाल में हो रहे हैं, उनका उद्घाटन भी हमारे कार्यकाल में हो’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने चरणबद्ध व एकीकृत बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक ली

जयपुर, 3 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के विज़न को प्रभावी गति देने के लिए बजट 2025-26 में सभी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। बजट में प्रदेश की 8 करोड़ जनता का कल्याण और समस्त 200 विधानसभाओं का सर्वांगीण विकास निहित है, जिससे वर्ष 2030 तक प्रदेश 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकेगा।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की चरणबद्ध और एकीकृत रूप से लागू की जाने वाली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**■ मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बजटीय घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर रही है ताकि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक इन योजनाओं का समय पर लाभ पहुँचना सुनिश्चित हो सके।**

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों का शिलान्यास हमारी सरकार के कार्यकाल में हो रहा है, उनका उद्घाटन भी हमारे ही कार्यकाल में हो, इसके लिए सभी घोषणाओं को समय पर पूरा होना सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग कर रही है, जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक इन जनकल्याणकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता के विशेष निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि सुदृढ़ आधारभूत संरचना प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के विषय पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर प्रदेश के 16 शहरों को क्लीन एवं ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने की बजट में घोषणा की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। हमारे राज्य में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल हैं। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई परिवहन को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश भर में हैलिपोर्ट्स विकसित कर पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के लिए हैलिकॉप्टर सेवा प्रारंभ की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 500 करोड़ की लागत से 100 एनिकटों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित 100 विद्यालयों के क्रमोन्नयन की बजट घोषणा की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम विकसित किए जाएं।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित, संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं शासन सचिव उपस्थित थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष 2025-26 की चरणबद्ध और एकीकृत रूप से लागू की जाने वाली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई परिवहन को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश भर में हैलिपोर्ट्स विकसित कर पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के लिए हैलिकॉप्टर सेवा प्रारंभ की जाए।*

## आगरा में यमुना में नहाने गईं चार बालिकाओं की मौत

आगरा, 03 जून। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में मंगलवार की सुबह हुए एक बड़े हादसे में यमुना नदी में नहाने गईं छह बालिकाएं डूब गईं। इनमें से दो बालिकाओं को बचा लिया गया, जबकि चार अन्य की डूबने से मौत हो गयी।

यह हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम नगला नाथू में हुआ। मृत बालिकाओं की आयु नौ से 18 साल के बीच बताई गई है। सभी एक ही परिवार के भाइयों की संतानें थीं। मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन थी। स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें नदी से निकाला। बचाई गई दो बालिकाओं की हालत गंभीर है, उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के बाद न केवल एक घर, बल्कि पूरा गांव शोक और सन्नाटे की चपेट में है। बताया गया है कि थाना सिकंदरा के गांव नगला नाथू की 7-8 बालिकाएं सुबह 10 बजे के करीब यमुना नदी में नहाने पहुंच गईं।

**■ एक ही परिवार की 6 से 18 वर्ष की चचेरी बहनें यमुना में नहाने गई थीं। गहरे पानी में जब बालिकायें डूबने लगीं तो पास के किसानों ने बड़े प्रयास से दो को बचाया।**

## रामदरबार ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

101 वैदिक आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। जिसमें यज्ञ मंडप पूजन और अग्नि स्थापना आदि अनुष्ठान हो चुका है। यात्री सुविधा केंद्र में तुलसीदास की प्रतिमा स्थापित हो गई है। इसके अलावा महर्षि अगस्त्य, वाल्मीकि, विश्वामित्र समेत चारों गुरु की मूर्तियों को भी स्थापित कर दिया है। देवी देवताओं की मूर्तियां जयपुर में बनी हैं। उन्हें यहां लाकर स्थापित कर दिया गया है।

# अजमेर कांग्रेस ने धर्मेन्द्र राठौड़ के खिलाफ सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पास किया

## आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष पर समानान्तर कांग्रेस गतिविधियाँ चलाने व गुटबाजी का आरोप लगाया

अजमेर, 3 जून (कासं)। अजमेर शहर कांग्रेस में संगठनात्मक अनुशासन को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। मंगलवार को विजयलक्ष्मी पार्क में आयोजित शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक में अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि कांग्रेस को तोड़ने और गुटबाजी करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ की समानांतर कांग्रेस गतिविधियों और गुटबाजी के खिलाफ सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया, जिसे प्रदेश नेतृत्व को भेजा जाएगा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन की अध्यक्षता एवं पीसीसी महासचिव सुनील पारवानी की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में "संविधान बचाओ" अभियान को वार्ड स्तर तक पहुंचाने की रणनीति के साथ, आगामी नगर निगम चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। मगर बैठक का मुख्य केंद्रबिंदु पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र राठौड़ की कथित संगठनविरोधी गतिविधियां रहीं। विजय जैन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से अजमेर कांग्रेस में दो फाड़ हो चुके हैं, जिसका सबसे बड़ा कारण राठौड़ द्वारा समानांतर कांग्रेस चलाना और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमों में आने से रोकना है। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रमों को भी विफल करने में लगे हुए हैं। जैन ने कहा अजमेर कांग्रेस का कार्यकर्ता अब पूरी तरह एकजुट है और किसी भी हालत में पार्टी को कमजोर नहीं होने देगा। जो लोग संगठन को तोड़ने और व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए गुटबाजी कर रहे हैं, उन्हें पार्टी में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अब समय आ गया है कि ऐसे तत्वों को कांग्रेस से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। जैन ने कहा कि राठौड़ अलवर जिले के बानसूर विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं, जिनका अजमेर से कोई संबंध नहीं है, फिर भी वे लगातार स्थानीय संगठन में हस्तक्षेप कर रहे हैं। जैन ने आरोप लगाया कि राठौड़ की वजह से पार्टी को हर चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों, अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों, पार्षदों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने दोनों हाथ उठाकर निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया। कांग्रेस के अजमेर लोकसभा प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी, अजमेर उत्तर विधानसभा प्रत्याशी महेन्द्र सिंह रलावता समेत, कई वरिष्ठ नेताओं ने भी खुलकर विजय जैन के रुख का समर्थन किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि पार्टी के अनुशासन के खिलाफ जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे आगामी चुनावों में संगठन और मजबूत हो सके।

**■ अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि पिछले पाँच वर्षों में अजमेर कांग्रेस में दो फाड़ हो चुका है तथा इसका सबसे बड़ा कारण धर्मेन्द्र राठौड़ हैं।**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बूथ पर 10 सदस्यीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम गठित की जाएगी, जो पार्टी की नीतियों को वार्ड स्तर तक पहुंचाएगी। बैठक के अंत में पीसीसी महासचिव सुनील पारवानी ने कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और कार्यकर्ताओं की भावनाओं एवं निंदा प्रस्ताव को प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा। शहर कांग्रेस की बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित करने वाले प्रताप यादव, अंकुर त्यागी, श्याम प्रजापति, विपिन बैसिल, वैभव जैन, कैलाश कोमल, मंजू बलाई, सोनल मौर्य, मुजफ्फर भारती, रश्मि हिंगोरानी, देशराज मेहरा सहित, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्र.मंत्री मोदी 6 जून को कटरा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, शक्तिशाली चिनाब ब्रिज, जम्मू कश्मीर में खड़ा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) का हिस्सा। प्रकृति की सबसे कठिन परीक्षाओं को झेलने के लिए बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को चिनाब ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। नए भारत की ताकत और दूरदर्शिता का गौरवपूर्ण प्रतीक। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खाद रेल पुल का उद्घाटन करेंगे और माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखायेंगे। इसके साथ ही वह कटरा के खेल मैदान पर सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। मोदी के दौरे के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में, विशेष रूप से रेलवे लाइनों, रेलवे स्टेशनों और प्लेटफार्मों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।

## "नरेन्दर, ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चुप्पी साधे हुए हैं। राहुल गांधी लगातार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर हमले कर रहे हैं, जबकि पहलगाम हमले के बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर में उन्होंने और पूरे विपक्षी गठबंधन ने इस अभियान में सरकार का पूर्ण समर्थन किया था। कांग्रेस के नेताओं का कहना है, लेकिन अब सवाल पूछने का समय आ गया है, पर मोदी सरकार इन सवालों का जवाब देने को तैयार नहीं दिख रही है।

## जासूसी का ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बड़ोडा गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक शकूर खान कुछ समय पहले बिना विभागीय अनुमति के पाकिस्तान गया था। खुफिया एजेंसियों को उसके मोबाइल में पाकिस्तान के कई अनजान नंबर मिले हैं। इनके बारे में वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया है।

# ‘एशिया के देश अपनी जीडीपी का ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कि चीन एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सैन्य संतुलन को बदलना चाहता है।

हैगसथ की टिप्पणियों को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। नेताओं ने शांति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर जोर देने की सराहना की, लेकिन कई नेता अब भी इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि अमेरिका इस क्षेत्र की आर्थिक वास्तविकताओं को पूरी तरह समझता है या उन्हें प्राथमिकता देता है।

ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने सकारात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिका इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को प्राथमिक क्षेत्र के रूप में देखता है। उन्होंने स्थिरता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया पहले से ही द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने सबसे बड़े रक्षा विस्तार पर काम कर रहा है।

हालांकि कुछ अन्य लोगों ने चिंता जताई। मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने अपने संबोधन में ट्रंप प्रशासन के "मनमाने" व्यापार प्रतिबंधों की आलोचना की, यह तर्क देते हुए कि व्यापार केवल एक सॉफ्ट पावर का उपकरण नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि की नींव है। उन्होंने चेतावनी दी, जब व्यापार डगमगाता है, तो इसके प्रभाव किसी एक क्षेत्र से बहुत आगे तक फैलते हैं।"

अनवर के प्रमुख सलाहकार, मोहम्मद फैज़ अब्दुल्ला ने हैगसथ के 5 प्रतिशत रक्षा खर्च के लक्ष्य को "मस्तिष्क को हिला देने वाला" और "बेतुका" बताया, यह कहते हुए कि अधिकांश एशियाई देशों के लिए आर्थिक विकास प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, "अमेरिका की आदर्श भूमिका अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की होनी चाहिए।" उन्होंने सुझाव दिया कि व्यापार और निवेश सैन्य उपकरणों की तुलना में प्रभाव डालने के अधिक प्रभावी साधन हैं।

चीन के वरिष्ठ रक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति से असंतोष और बढ़ गया, जो पिछले वर्षों में अमेरिकी दृष्टिकोण के खिलाफ एक वैकल्पिक आवाज़ प्रस्तुत करते थे। उनके बिना, पश्चिमी आवाज़ों को मंच मिल गया, जिनमें यूरोपीय नेता भी थे, जिन्होंने एक अलग संदेश दिया।

यूरोपियन यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने आर्थिक परस्पर निर्भरता (इकोनॉमिक इन्टरडिपैन्डैंस) को एक रणनीतिक संपत्ति के रूप में रेखांकित किया, यह सुझाव देते हुए कि यूरोपियन यूनियन अधिक स्थिर और विश्वसनीय साझेदार हो सकता है, जो अमेरिका के अस्थिर दृष्टिकोण की तुलना में बेहतर है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं ने समान विचार व्यक्त करते हुए रणनीतिक स्वायत्तता और यूरोप तथा एशिया के बीच नये गठबंधनों की बात कही, जिससे अमेरिका और चीन के बीच एक पक्ष को चुनने के लिए मजबूर न होना पड़े।

सिंगापुर के रक्षा मंत्री चान चुन सिंग ने क्षेत्रीय मनोभाव को इस तरह व्यक्त किया: अगर हमें एक पक्ष चुनना पड़े, तो हम सिद्धांतों के पक्ष को चुनें..., जहाँ शक्तिशाली अपनी मर्जी से काम न करें और कमजोर को वो सब सहना न पड़े, जो उसे सहना पड़ता है। एशिया के अधिकांश भाग से संदेश स्पष्ट था: जब अमेरिका शांति और सुरक्षा की बात करता है, तो उसे "प्रैडिक्टबिलिटी" और "इकोनॉमिक पार्टनरशिप" भी प्रदान करनी होगी, अन्यथा, क्षेत्रीय शक्तियों को अपनी आवश्यक स्थिरता के लिए कहीं और, यहाँ तक कि चीन की ओर भी, देखना पड़ सकता है।

## ‘आप होंगे कमल हासन पर आपको जनता की भावनाएं आहत करने का हक नहीं है’

बेंगलुरु, 03 जून। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगायी और कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँचायी है।

न्यायालय ने इसी के साथ हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं।

हासन की आगामी तमिल फिल्म ‘ठग लाइफ’ के सह-निर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि अभिनेता के बयान से राज्य में वैमनस्य पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि हासन की ओर से माफ़ी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

कोर्ट ने कहा, आप होंगे कमल हासन, पर आपको जनता की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का अधिकार नहीं है। जल (पानी), नेला (भूमि), बाशे (भाषा), ये तीन चीजें नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। आप जानते हैं, भाषा के आधार पर राज्य बने हैं, इसलिए भाषा का महत्व भी आप जानते हैं। आपने इसे कमज़ोर करने के लिए कुछ कहा है।

न्यायाधीश ने हासन के बयान के आधार पर भी सवाल उठाया और कहा, क्या कोई सार्वजनिक व्यक्ति इस तरह का बयान देता है कि एक भाषा दूसरी से जन्मी है, जबकि कोई भाषा से किसी भाषा से पैदा नहीं हो सकती। इस दावे का समर्थन करने वाला मैटीरियल कहां है, आपके बयान से क्या हुआ, वैमनस्य। और कर्नाटक के लोगों ने क्या मांगा है? सिर्फ एक माफी और उन्होंने कहा है कि वह माफ़ी नहीं मांगेंगे? कोर्ट ने कहा "जब राजगोपालाचारी जैसी हस्ती माफी मांग सकती है तो कमल हासन क्यों नही?"

**■ कन्नड़ भाषा विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने कमल हासन को फटकारते हुए यह भी कहा कि जब राजगोपालचारी माफी मांग सकते हैं तो कमल हासन क्यों नहीं।**

न्यायालय राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें कर्नाटक में ठग लाइफ की सुचारु स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और निर्देश देने की मांग की गयी थी। यह याचिका कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) द्वारा चेन्नई में एक प्रचार कार्यक्रम में हासन की टिप्पणियों के जवाब में फिल्म के बहिष्कार की घोषणा के बाद दायर की गयी थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अभिनेता की टिप्पणियों को गलत तरीके से उद्धृत किया गया है और उसे संदर्भ से बाहर ले जाया गया है।

## मणिपुर में बाढ़, साठ हजार लोग प्रभावित

इंफाल, 03 जून। मणिपुर में मंगलवार को हो रही लगातार भारी बारिश के कारण आयी बाढ़ से 60,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा हजारों लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक एक व्यक्ति लापता है जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। लगभग 11000 घर और लगभग 48 भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं वहीं 93 से ज्यादा जगहों पर भूस्खलन की रिपोर्टें मिली है।

उन्होंने बताया कि अरम्बाई टेंगोल, असम राइफल्स तथा सेना के जवानों ने आज हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। राहत शिविरों की संख्या बढ़ कर 65 हो गई है तथा महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भोजन एवं पानी दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान की "सिंदूर" पर विवादित टिप्पणी

चण्डीगढ़, 03 जून। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की, जिसको भाजपा ने बेतुका बताते हुये कड़ी निंदा की है।

मान ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है? उनसे भाजपा के घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी योजना एक मजाक है। पिछले दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना द्वारा चलाये गये ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सफलता के मद्देनजर, भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी।

## मतदान के आंकड़े ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रक्रिया को अधिक चाक-चौबंद, मतदाताओं और हितधारकों के अनुकूल बनाने के लिए निरंतर की जा रही पहलों के बीच आयोग का यह निर्णय आखिरी दो घंटों के मतदान प्रतिशत को जारी होने में विलम्ब को लेकर पार्टियों और प्रत्याशियों द्वारा प्राय: उठाये जाने वाले सवालों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण फैसला है। आयोग के एक अधिकारी ने कहा, अभी तक पीठासीन अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र पर हुए मतदान का पूरा विवरण निर्धारित प्रारूप में प्रत्याशियों के एजेंटों को बाकायदा उपलब्ध कराने के बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) जमा कराने की जगह पर मशीन जमा करने के बाद अंतिम आंकड़े अपडेट करते हैं। अब उन्हें मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले डाटा ईसीआईएनईटी ऐप पर अपडेट करना होगा।

# आम अमेरिकी के साधारण...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वैश्विक रूप से सराहा जाता है और इसका उपयोग दोनों देशों के हित में किया जा सकता है।

वास्तव में, जब से राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रतिस्पर्धी शुल्क की घोषणा की है, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताएं शुरू हुई हैं। वर्तमान में केवल कुछ ही देशों के साथ अमेरिका गंभीर और उन्नत व्यापार वार्ता कर रहा है, और भारत उनमें से एक है। अमेरिका जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भी इसी तरह की बातचीत कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को बहुत कम समय में पूरा किया जा सकता है। सामान्यत: व्यापार वार्ता में दो से तीन वर्ष लगते हैं, क्योंकि इनमें कई संवेदनशील और जटिल मुद्दे होते हैं, लेकिन इन मुद्दों को अब कुछ महीनों में निपटाने की कोशिश की जा रही है।

अंदरूनी जानकारी के अनुसार, यदि मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों को सही तरीके से व्यवस्थित किया जाए, तो भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार 500 बिलियन से अधिक तक पहुँच सकता है। हालांकि, भारत को इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपने आंतरिक बाजारों, विशेष रूप से भूमि और श्रम-में बड़े सुधार करने होंगे।

इन "कारक बाजारों" में सुधार करना आसान नहीं है। ये मूलत: घरेलू राजनीतिक मुद्दे हैं, जो भारत की लोकतांत्रिक और संघीय संरचना से जुड़े हैं। इन सुधारों के लिए केंद्र और विभिन्न राज्यों की सरकारों तथा राजनीतिक दलों के बीच लंबी और जटिल बातचीत की आवश्यकता होगी और यही सबसे बड़ी चुनौती है।

सकारात्मक संकेत ये हैं कि कुछ राज्य इन सुधारों की आवश्यकता को लेकर अधिक जागरूक हो रहे हैं। खास बात यह है कि वे राज्य, जो इन बदलावों के प्रति संवेदनशील हैं, वहाँ स्पष्ट प्रगति हो रही है, जबकि जो राज्य अपने पुराने राजनीतिक रुख में जमे हुए हैं, वे पीछे छूट रहे हैं। संभव है कि देश के भीतर प्रगतिशील और प्रतिगामी राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा ही भारत के भविष्य के विकास की दिशा तय करे।

## कराची में मलीर जेल से 200 कैदी भागे

कराची, 03 जून। पाकिस्तान में कराची के मलीर जिला क्षेत्र में कम तीव्रता के भूकंप के कारण जेल अधिकारियों द्वारा की गई अस्थायी आपातकालीन निकासी के दौरान 200 से अधिक कैदी जेल से भाग निकले। भ्रम और अफरातफरी के बीच बचाव कार्य बड़े पैमाने पर जेलब्रेक में बदल गया और कई कैदियों को भागने का मौका मिल गया। सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम नबी मेमन के अनुसार, निकासी प्रक्रिया के दौरान दो हजार से अधिक कैदियों को उनकी बैरकों से गिनती के लिए लाया गया था। लेकिन सुरक्षा उपाय जल्द ही पूरी तरह से अराजकता में बदल गए, क्योंकि सैकड़ों कैदियों ने भागना शुरू कर दिया। जेल में तैनात फ्रंटियर कोर के जवानों ने उन्हें पीछे धकेलने के लिए बड़े पैमाने पर हवाई फायरिंग की, लेकिन उनमें से 213 भाग निकले। दुनिया न्यूज के अनुसार, अब तक केवल 78 भागने वालों को पकड़ा गया है, जिनमें से एक को फ्रंटियर कोर ने जेलब्रेक के दौरान मार गिराया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

**■ सूत्रों ने बताया, इनमें से 78 पकड़े गए हैं, शेष की तलाश जारी है।**

# दस जून को हो सकता है, महाराष्ट्र में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

शरद के प्रति निष्ठा रखने लोग अजित की आलोचना करने के लिए पहले अजित से माफी माँगें। इसलिये यह विलय आसान प्रतीत नहीं हो रहा है।

इनमें से अधिकांश नेता को-ऑपरेटिव पर काबिज रहने वाले लोग हैं, जिनके पास इस समय अपने निजी चीनी मिल, निर्माण कम्पनियाँ, ठेकेदारी का व्यवसाय आदि हैं। इसलिये ये लोग अपने निजी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिये प्रयत्नशील हैं। लेकिन पवार के व्यावसायिक हित इस निर्णायक क्षण पर गठबंधन के ऊपर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं।

महाराष्ट्र की राजनीति के विशेषज्ञों का मानना है कि वे अपने राजनैतिक जीवन के थकान भरे अंतिम पड़ाव पर कशमकश में हैं, स्थितियाँ उनके हाथों से निकलती भी जा रही हैं तथा कुल मिलाकर, अब वे पूरी तरह रिटायर होने की स्थिति में पहुँच गये हैं। शरद पवार को अब केवल अपनी बेटी के भविष्य से मतलब रह गया है।

विशेषज्ञ ऐसा महसूस करते हैं कि सीनियर पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले को इस समय मुख्य चिन्ता स्थानीय निकायों के चुनावों की है। एनसीपी के उनके क्षत्रपों के लिये ‘करो या मरो’ की स्थिति है तथा वे चाहते हैं कि कम से कम ग्राम पंचायतों, जिला परिषदों तथा कुछ नगरपालिकाओं पर उनकी पकड़ बनी रहे। एनसीपी पुणे, पिम्परी चिंचवाड़ नगर निगमों के अलावा, मुख्य रुप से ग्रामीण आधार वाली पार्टी है। स्थानीय चुनाव 4 से 6 महीने में होने की उम्मीद है।

पिछले सप्ताहान्त में, शरद पवार ने बारामती में, अपने गृह क्षेत्र बारामती से जुड़े घटनाक्रम के विषय में बोलने से मना कर दिया था। प्रश्न यह था कि क्या उनका गुट मालेगाँव को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री के चुनाव लड़ेगा। जाहिर है, उनके समर्थक अपने गृह क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान पर नियंत्रण पाने के लिये अजित पवार के पैनल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन, विलय का प्रश्न अभी प्रासंगिक बना हुआ है, जो एनसीपी के स्थापना दिवस, 10 जून तक तय हो जाना है। एनसीपी की स्थापना 10 जून, 1999 को हुई थी।

इसी बीच, पिछले सप्ताह अजित पवार उस समय बैकफुट पर आ गये थे, जब नागालैंड में उनके 7 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी थी। सीनियर पवार के निकटस्थ सूत्रों ने पक्के तौर पर कहा है कि वे विलय के लिये राजी तो हैं, लेकिन अपनी शर्तों पर। वे सुप्रिया और जयन्त पाटिल जैसे उनके समर्थकों के हित में अजित एवं उनके सहयोगियों के पर कतरना चाहेंगे। अजित के ओबीसी बाहुबली धनंजय मुण्डे इस समय बीड में फंसे हुये हैं तथा इसी तरह राज्य महिला निकाय की प्रमुख वैशाली चकन्कर पुणे में हुई एक दहेज मृत्यु के मामले में फंसी हुई हैं।

शरद पवार के पास इन दोनों नेताओं के विकल्प हैं। छगन भुजबल को अकेले ही मंत्रिमंडल में लिया जाना भी बहुत कुछ संकेत देने वाली घटना है। महाराष्ट्र में किसी एक, अकेले मंत्री द्वारा शपथ लिये जाने की यहपहली घटना थी। जहाँ अजित पवार भाजपा के साथ पूरी तरह सहज महसूस कर रहे हैं, लेकिन उनके चाचा की ओर से संकट आ रहे हैं।

मजेदार बात यह है कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने इंडियन एक्सप्रेस अड्डा में शरद पवार की प्रशंसा के पुल बाँधे हैं, जिसके निर्देश उन्हें संभवत: शीर्ष भाजपा नेतृत्व से ही मिले होंगे। वे वस्तुत: यह घोषणा करते प्रतीत हो रहे हैं कि सीनियर पवार चाहे चुनाव जीते हों या हारे हों, वे हिम्मत हारने वाले नेता कभी नहीं रहे।

# अमेरिका को नहीं भा रहा, भारत...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सैन्य उपकरण खरीदते हैं। यह अमेरिका को चिढ़ाने जैसा है। लेकिन मेरा मानना है कि अब भारत अमेरिका से सैन्य उपकरण खरीदने की दिशा में बढ़ रहा है, जो काफी दूर तक जाएगा।"

लटनिक ने यह भी कहा कि भारत ब्रिक्स समूह (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) का हिस्सा है, जो डॉलर की सर्वोच्चता को चुनौती देने और अपनी खुद की मुद्रा बनाने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा, "ब्रिक्स, के जिसका मकसद है "आओ, डॉलर का समर्थन न करें और डॉलर वर्चस्व को खत्म करें", उसका हिस्सा होना अमेरिका को दोस्त बनाने और अमेरिकन लोगों को प्रभावित करने का तरीका नहीं है।"

हालाँकि उन्होंने यह स्पष्ट किया कि भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह किसी भी ऐसी पहल का हिस्सा नहीं है जो अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रही हो।

उन्होंने कहा, तो राष्ट्रपति इसे सीधे और स्पष्ट रूप से उठाते हैं, और भारतीय सरकार भी इसे सीधे और विशेष रूप से संबोधित कर रही है। और यही रास्ता है, मुद्दों को सामने रखो, उन्हें सीधे हल करो, और एक सकारात्मक स्थिति तक पहुँचो। और मुझे लगता है कि हम अब वहीं हैं।

एक शीर्ष अमेरिकी अधिकारी द्वारा किया गया यह खुलासा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का है, आने वाले दिनों में विपक्षी दल इसका फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं।

लटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते की उम्मीद "बहुत जल्द" की जानी चाहिए क्योंकि दोनों देशों ने एक ऐसा रास्ता खोज लिया है जो उनके लिए काम करता है।

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है हमने ऐसी जगह पाई है जो दोनों देशों के लिए काम करती है। मैं इसे लेकर काफी आशावादी हूं।"

भारत में हाई टैरिफ की ओर इशारा करते हुए लटनिक ने कहा कि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इसे सीधे तौर पर उठाने के इच्छुक हैं।

उन्होंने कहा, "भारत शुल्कों को लेकर बहुत संरक्षणवादी है। वहाँ इस पर 100 प्रतिशत शुल्क है तो उस पर 100 प्रतिशत शुल्क है। और जब आप पूछते हैं कि क्यों, तो जवाब होता है, पता नहीं, बस ऐसा ही है।"

लटनिक ने कहा कि अब इन मुद्दों को समझदारी से देखना, उन पर विचार करना और उन्हें एक उचित स्तर तक लाना जरूरी है। उन्होंने कहा, "ताकि हम एक-दूसरे के अच्छे व्यापारिक साझेदार बन सकें। यह अब तनावपूर्ण नहीं है और दोनों पक्ष एक उचित व्यापारिक संबंध बनाने के लिए काम कर रहे हैं।"

उन्होंने कहा, "तो यही सौदा है। अगर मैं कहूं कि जो चीज़ें भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, उन पर हम उदारता दिखाएंगे, और बदले में आप अपने शुल्क कम करें, हमें बाजार तक पहुंच दें और बीच का एक सही रास्ता निकालें।"

भारत-अमेरिका संबंधों के विज़न पर बोलते हुए लटनिक ने कहा कि यह "असाधारण" बात है कि राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पूरे अमेरिका द्वारा चुने गए इकलौते व्यक्ति हैं, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भारत की जनता द्वारा चुने गए हैं।

उन्होंने कहा, "अगर आप दुनिया के बारे में सोचें, तो ऐसे कितने नेता हैं जो सच में अपने देश के द्वारा चुने गए हैं? यह बहुत ही दुर्लभ है।"

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908